* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 20

हनी सिंह और शालिनी तलवार हुए अलग, दिल्ली की अदालत ने मंजूर किया तलाक








# हाइकोर्ट ने इडी से जेल में छापामारी की रिपोर्ट मांगी

- सुषमा बड़ाइक के मामले की सुनवाई के दौरान इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश की निकली बात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा जेल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी और मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा इडी के अधिकारियों को परेशान करने की साजिश रचने के मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी है। हाइकोर्ट ने इडी से कहा है कि वह सीलबंद लिफाफा में रिपोर्ट जमा करे।

गौरतलब है कि बर्खास्त आइपीएस पीएस नटराजन यौन शोषण मामले में सुषमा बड़ाइक ने अपनी सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के खिलाफ हाइकोर्ट में शिकायत दर्ज करायी थी। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मंगलवार को इस मामले की सुनवाई कर रही थी। सुषमा बड़ाइक की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुरक्षा में मिले कांस्टेबल ही उसे धमका रहे हैं। इस पर कोर्ट ने सुषमा बड़ाइक से कहा कि ये बातें आप अपने क्रिमिनल अपील में सुनवाई के दौरान रख सकती हैं।

इसी दौरान कोर्ट के समक्ष मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा जेल से ही इडी के अधिकारियों को परेशान करने और महिला के द्वारा फंसाये जाने की साजिश रचे जाने की बात उठी। इस संबंध में कोर्ट को बताया गया कि शिकायत मिलने पर इडी के अधिकारियों ने बीते शुक्रवार बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में छापेमारी की थी। इस पर कोर्ट ने इडी द्वारा की गयी छापेमारी और मनी लांड्रिंग के आरोपियों अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के द्वारा तथाकथित साजिश रचने के मामले में सील बंद रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने इडी को निर्देश दिया कि वह रिपोर्ट जमा करे।

## जेल के बड़ा बाबू दानिश से इडी ने की पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)। इडी द्वारा बिरसा मुंडा जेल में छापामारी के बाद मंगलवार को वहां के बड़ा बाबू दानिश रिजवान को पूछताछ के बुलाया गया। इडी अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक इडी ने छापामारी के दौरान रिजवान का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल की जांच में इडी को पता चला कि रिजवान अपने मोबाइल से मनी लांड्रिंग के गवाहों को धमकी दे रहा था। इडी को उसके मोबाइल से कई गवाहों के नंबर और बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मिली है। दानिश से इससे संबंधित कई सवाल अधिकारियों ने पूछे। कुछ सवालों का वह जवाब दिया तो कुछ में चुप्पी साध ली। दरअसल छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने यह पाया कि प्रेम प्रकाश राज्य के अधिकारियों के साथ मिल कर इडी के अफसरों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रच रहा है। जेल से कई तरह की साजिशें रची जा रही हैं। इसके बाद इडी ने दानिश के अलावा होटवार जेल अधीक्षक और जेलर को पूछताछ के लिए समन भेजा था। जेलर मो. नसीम को 8 और अधीक्षक हामिद अख्तर को 9 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।**



## होटल व्यवसायी अभय सिंह के घर और दफ्तर में जीएसटी टीम ने की छापेमारी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही )। कोयला व्यवसायी और होटल एके इंटरनेशनल के मालिक अभय सिंह के सुरेश कालोनी स्थित आवास और कार्यालय पर जीएसटी की टीम ने मंगलवार सुबह 10 बजे छापेमारी की। छापेमारी सुबह 10 बजे से शुरू होकर देर शाम तक जारी रही। जीएसटी टीम की चार टीम डीजीजीआइ पटना जोनल टीम के नेतृत्व में पांच गाड़ी से सुरेश कॉलोनी पहुंची। उसके बाद अभय सिंह के आवास और दफ्तर पर एक साथ छापेमारी शुरू की। इस दौरान किसी को भी अंदर आने जाने की इजाजत नहीं थी। टीम में लगभग 20 से 25 लोग शामिल थे। पूरा मामला टैक्स चोरी का बताया जा रहा है। कुछ माह पूर्व ही अभय सिंह के डेमोटांड स्थित कोल फैक्ट्री में हजारीबाग सदर एसडीओ ने छापेमारी कर कोयला जब्त किया था। इस मामले में अभय सिंह को जेल भी जाना पड़ा था।**



# धनबाद एसएसपी करवा सकते हैं मेरी हत्या : ढुल्लू



- बाघमारा विधायक का बड़ा आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद एसएसपी संजीव कुमार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एसएसपी कभी भी मेरी हत्या करवा सकते हैं। उन्होंने मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाया। ढुल्लू ने कहा कि मेरे सूत्र के अनुसार मेरी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं धनबाद में बढ़ते अपराध, हत्या, लूटकांड को सड़क से लेकर सदन तक पहुंचाने का काम करता हूं। धनबाद में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। लगातार हत्या और लूट की घटना हो रही है।

ढुल्लू महतो ने कहा कि इस क्षेत्र को लूटा जा रहा है। इसके खिलाफ कोई आवाज भी नहीं उठा पा रहा है। अगर कोई आवाज उठाता है, तो उसके खिलाफ झूठा मुकदमा करके जेल भेजा जा रहा है। इसका जीता-जाता उदाहरण मेरे पर सरकार बनने के बाद लगातार दो बार मुकदमा किया गया। दोनों बार दर्जनों झूठा केस करके जेल भेजा गया।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले अपराधियों ने व्यवसायी को गोली मार दी। व्यवसायियों के साथ वह सड़क पर उतरे और पुलिस के द्वारा गलत कामों को जनता के बीच लाने का काम किया। इस बात को लेकर जिला प्रशासन में मेरे प्रति आक्रोश है। इसका नेतृत्व धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पहले की भांति इस बार भी झूठा मुकदमा कर जेल भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्यायालय को सूचना दी गयी है। इसके अलावा डीजीपी से लेकर गृह मंत्री तक से वह मिलेंगे।









# बाल-बाल बचे अमित शाह

- रथ बिजली के तारों से टकराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागौर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बाल-बाल बचे। सभा स्थल की ओर जाते समय गृहमंत्री का रथ ऊपर से गुजर रही बिजली की तार को तोड़ता हुआ आगे बढ़ा। तेज चिंगारी के साथ तार नीचे सड़क पर आ गिरा। रथ को फौरन रोका गया और अमित शाह को दूसरी गाड़ी में बैठाकर रवाना किया गया। हादसा नागौर के परबतसर में हुआ। फिलहाल किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। केंद्रीय मंत्री सकुशल अपनी सभास्थल तक पहुंच गये थे।



गौरतलब है कि मंगलवार शाम करीब 4:20 बजे परबतसर (नागौर) के बिडियाद गांव से चौपाल कर (छोटी सभा) कर गृह मंत्री रथ पर सवार हुए। उन्हें परबतसर के गणेश मंदिर स्थित सभास्थल तक जाना था। वहां से करीब एक किमी आगे आकर डंकोली मोहल्ले में रथ का ऊपरी हिस्सा बिजली लाइन से टकरा गया। मोहल्ले में तार नीचे लटक रहे थे। बिजली लाइन से चिंगारियां उठने लगीं। कुछ आगे जाकर रथ को रोका गया। काफिले में शामिल नेता और सुरक्षाकर्मी दौड़कर रथ तक पहुंचे। उन्होंने अमित शाह को सुरक्षित कार में बैठाया और सभास्थल की ओर रवाना हुए। हादसे के करीब एक घंटे बाद तक पूरे इलाके की बिजली बंद रखी गयी। तत्काल डिस्कॉम (बिजली विभाग) के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उधर, शाम करीब पौने पांच बजे अमित शाह सभास्थल पर पहुंचे।

# छत्तीसगढ़ में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान संपन्न

- 70.87 प्रतिशत मतदान
- 2018 से 6.01 फीसदी कम वोटिंग
- तीन जगह नक्सलियों से मुठभेड़, जवान-किसान घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान मंगलवार शाम 5 बजे खत्म हो गया है। शाम 5 बजे तक 70.87 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वहीं मतदान के बीच नक्सलियों ने जमकर आतंक मचाया। कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा में नक्सली वारदातें और मुठभेड़ की घटनाएं सामने आयीं हैं।

सुकमा में दो अलग-अलग आइइडी ब्लास्ट में दो जवान घायल हुए हैं। अभी मीनपा इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक, 3 जवान घायल हुए हैं। इसके अलावा कांकेर में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक किसान घायल हुआ है। बीजापुर में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा किया जा रहा है। नारायणपुर में मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग निकले।

जिन 20 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें से 19 सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। केवल एक राजनांदगांव सीट भाजपा के पास है। 2018 के चुनाव में दंतेवाड़ा सीट भाजपा के पास थी, लेकिन नक्सली हमले में विधायक की मौत के बाद हुए उप चुनाव में ये सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी।

## मिजोरम की 40 सीटों पर मतदान खत्म

**आइजोल (आजाद सिपाही)। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे खत्म हो गयी। राज्य में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ। सेरछिप में सबसे ज्यादा 77.78 प्रतिशत तो सियाहा में सबसे कम 52.02 प्रतिशत मतदान हुआ। आइजोल में 65.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। मिजोरम में 2018 के विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत वोट पड़े थे। गवर्नर हरि बाबू कंभमपति ने आइजोल साउथ में सुबह 8:15 बजे वोटिंग की। मुख्यमंत्री जोरमथंगा सुबह 7 बजे के करीब वोट डालने आये थे, लेकिन इवीएम मशीन में खराबी के चलते लौट गये। चार घंटे बाद वापस आकर उन्होंने वोट डाला।**

## न्यूज रील्स

### हमारा बुलडोजर चला तो रुकेगा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और राजस्थान सरकारों को सख्त आदेश दिया कि पराली जलाना तुरंत बंद किया जाये। प्रदूषण को देखते हुए हमारा सब्र खत्म हो रहा है, अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रुकेगा नहीं।**

### जजों की सिलेक्टिव तरीके से नियुक्ति पर एससी नाराज

**नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को न्यायिक नियुक्तियों में कॉलेजियम की अनुशंसा (रिकमेंडेशन) पर केंद्र की अप्रोच पर सवाल उठाए। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हाल ही में हुई नियुक्तियां सिलेक्टिव तरीके से हुई हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया के बेंच ने कहा कि अपॉइंटमेंट के लिए पहले सिलेक्ट करना और फिर उन्हीं में चुन लेना समस्या पैदा करता है। कोर्ट ने कहा उम्मीद है कि कॉलेजियम और कोर्ट के लिए ऐसी स्थिति पैदा नहीं होगी कि वह कोई ऐसा फैसला ले जो स्वीकार्य ना हो।**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड यात्रा

# उलिहातू में बितायेंगे ढाई घंटे, तैयारी शुरू

- भाजपा और प्रशासन आगमन की तैयारी में जुटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड स्थापना दिवस के दिन राज्य में रहेंगे। इसी दिन वह बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू जायेंगे। अब तक के निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक यहां वह लगभग ढ़ाई घंटे समय बितायेंगे। इस दौरान वह उलिहातू में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। वहीं परिजनों से बातचीत भी करेंगे। इसके बाद खूंटी में आयोजित सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके लिए वह 15 नवंबर को दिन के दस बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट आयेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर ये वह सीधे उलिहातू जायेंगे।



15 नवंबर को खूंटी में ट्राइबल प्रदर्शनी भी लगायी जा रही है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री इस प्रदर्शनी को भी देखेंगे। यहीं से देशभर के लिए विकसित भारत यात्रा की शुरुआत करेंगे। इस दौरान पीवीजीटी मिश्रन की शॉर्ट फिल्म और पोर्टल की लांचिंग भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री खूंटी से कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इस कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पीएम के साथ सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी और उलीहातू आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा तैयारी में जुट गयी है। इसे लेकर खूंटी जिला भाजपा कार्यालय में 10 जिलों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद थे। वहीं, जिला प्रशासन भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी में जुटा है। जिला के डीसी, डीडीसी, एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने मंगलवार को आयोजन स्थल का दौरा किया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# बांग्लादेश के कप्तान ने की खेल भावना की हत्या

## ▪ विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका से जीत कर भी हार गयी बांग्लादेश की टीम

## ▪ शाकिब अल हसन के आचरण ने क्रिकेट की दुनिया को कलंकित कर दिया

## ▪ एंजेलो मैथ्यूज को 'टाइम आउट' करना नियमसंगत भले ही है, उचित नहीं है

**आज से करीब 146 साल पहले शुरू हुए 'जेंटलमैन गेम', यानी क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की शुरुआत हुई थी। इस खेल के इतने लंबे जीवन में सोमवार 6 नवंबर, 2023 का दिन एक ऐसा रिकॉर्ड बना, जिसे क्रिकेट प्रेमी ही नहीं, हर खेलप्रेमी भूलना चाहेगा। यह रिकॉर्ड बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के आचरण की वजह से कायम हुआ, जिसने पूरे खेल जगत को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने श्रीलंका के बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज को जिस तरह 'टाइम आउट' कराया और फिर अपने आचरण को उचित ठहराने के लिए नियमों का हवाला दिया, उससे खेल भावना को भारी नुकसान पहुंचा है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि शाकिब ने खेल भावना की हत्या कर दी है और इसकी कीमत पूरी क्रिकेट बिरादरी को चुकानी होगी। विश्वकप मुकाबले में बांग्लादेश ने भले ही श्रीलंका से मुकाबला जीत लिया है, लेकिन उसके कप्तान के रवैये ने इस जीत को बांग्लादेश के दामन पर बदनुमा दाग लगा कर रख दिया है, जिसका साफ होना लगभग नामुमकिन है। क्या हुआ बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मुकाबले में और क्यों हो रही है कि बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन की आलोचना, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

आज से करीब 146 वर्ष पहले 1877 में क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की शुरुआत हुई थी और 'जेंटलमैन गेम' के रूप में पूरी दुनिया में चर्चित यह खेल कई उतार-चढ़ावों के साथ अब 20-20 ओवरों के मुकाबले तक पहुंचा है। इस खेल के इतिहास में कई अप्रिय घटनाएं हुई हैं और कई बार ऐसा लगा है कि मुकाबला खेल कम, युद्ध अधिक है, लेकिन हर बार इस खेल की महानता ने अपने दामन पर लगे दाग को शालीनता के साथ धो दिया। लेकिन इस शानदार खेल, जिसे क्रिकेट खेलनेवाले देशों में धर्म का दर्जा हासिल है, के इतिहास में 6 नवंबर, 2023 का दिन काले अक्षरों में दर्ज किया जायेगा। सबसे दुखद यह है कि क्रिकेट के इतिहास के इस काले पन्ने का सृजन भारत की राजधानी दिल्ली में हुआ और वह भी विश्वकप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के मुकाबले में।

### क्या हुआ उस मुकाबले में

भारत में चल रही विश्वकप प्रतियोगिता में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गये मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को तीन विकेट से हरा दिया। अब श्रीलंका की टीम सेमीफाइनल के रेस से बाहर चुकी है, लेकिन बांग्लादेश के कप्तान ने मुकाबले के दौरान जो आचरण किया, उसने पूरे खेल जगत को शर्मसार कर दिया है। इस मुकाबले में क्रिकेट के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ, जब किसी बल्लेबाज को 'टाइम आउट' करार दिया गया। यह बल्लेबाज श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज बने, जो बिना खेले ही आउट हो गये। दरअसल, श्रीलंका की पारी के दौरान 25वें ओवर में स्पिनर और बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने सदीरा समरविक्रमा को अपना शिकार बनाया। इसके बाद





बल्लेबाजी करने एंजेलो मैथ्यूज क्रीज पर आये। वह जैसे ही क्रीज पहुंचे और हेलमेट लगाने लगे, तो उसका स्ट्रैप टूट गया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम से दूसरा हेलमेट लाने का इशारा किया, लेकिन इसमें दो मिनट से अधिक का समय लग गया। इसी बीच शाकिब ने अंपायर से 'टाइम आउट' की अपील कर दी। कुछ समय तक लगा कि यह मजाक है, लेकिन शाकिब ने बताया कि वह सच में अपील कर रहे हैं। इसके बाद दोनों अंपायर ने मिल कर मैथ्यूज को आउट दे दिया। मैथ्यूज ने अंपायर और बांग्लादेशी कप्तान शाकिब अल हसन से फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील की। उनकी आंखों में आंसू भी आ गये, लेकिन शाकिब टस से मस नहीं हुए। मैथ्यूज को बिना क्रीज पर उतरे ही वापस जाना पड़ा। बांग्लादेश के कप्तान के इस फैसले के बाद तनाव इतना बढ़ गया कि मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हाथ भी नहीं मिलाया।

### क्या कहा दोनों खिलाड़ियों ने

एंजेलो मैथ्यूज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में आइसीसी विश्व कप मुकाबले में उन्हें 'टाइम आउट' करवाने के लिए शाकिब अल हसन और बांग्लादेश की अपील को बेहद शर्मनाक करार दिया, जबकि विरोधी टीम के कप्तान ने कहा कि उन्हें इसका कोई मलाल नहीं है, क्योंकि यह नियमों के अनुसार है।

### खेल भावना को लगा करारा झटका

बांग्लादेश के कप्तान के आचरण से क्रिकेट को ही नहीं, पूरी खेल भावना को करारा झटका लगा है। अभी कुछ दिन पहले इसी विश्व कप मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली का शतक पूरा होने देने के लिए अंपायर ने एक वाइड बॉल नहीं दी, तो उसके फैसले का स्वागत किया गया। क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कई बार हो चुका है कि दोनों टीमें मैदान पर प्रतिद्वंद्वी के रूप में नजर तो आती हैं, लेकिन उनमें खेल भावना भी जीवित रहती है। विरोधी टीम के बल्लेबाज के जूते के फीते बांधने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। इसके अलावा कई बार चोट लगने के बाद चोटिल खिलाड़ी की मदद करने या फिर संदेह की स्थिति में आउट करार दिये गये बल्लेबाज को भी कई बार वापस बुलाने जैसी घटनाएं भी देखने को मिली हैं, लेकिन ऐसी तमाम घटनाओं को खेल भावना के अनुकूल करार दिया गया। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि आउट करार दिये जाने के बाद भी बल्लेबाज को वापस बुलाना प्रतिद्वंद्वी टीम की हार का कारण बन गया, लेकिन कभी किसी ने इसे अनुचित नहीं माना।

### ऐसे नियमों को बदलना जरूरी

इस घटना के बाद अब आइसीसी को भी इस तरह के नियम पर विचार करना चाहिए। मैथ्यूज ने समय बर्बाद करने के लिए कोई बहानेबाजी नहीं की थी, बल्कि वह खेलने के लिए तैयार थे। यदि किसी बल्लेबाज का बैट बीच खेल में टूट जाये और उसे बदलने में दो मिनट से अधिक का समय लग जाये, तो उसे आउट करार दिया जाना कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। इसलिए आइसीसी को ऐसे नियमों के बदलने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

कुल मिला कर बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने जो कुछ किया, उसने क्रिकेट के खेल को तो शर्मसार किया ही है, आधुनिक ओलिंपिक के जनक पियरे डे कुबेर्टिन के उस चर्चित कथन को भी झूठा करार दिया है, जिसमें कहा गया था कि किसी भी खेल के मुकाबले में भाग लेना महत्वपूर्ण है, उसे जीतना नहीं। आधुनिक क्रिकेट के इतिहास में बांग्लादेश के कप्तान द्वारा जोड़ा गया यह पन्ना आनेवाली पीढ़ियों को यह याद दिलायेगा कि एक जीत के लिए कोई खिलाड़ी कितना नीचे गिर सकता है। मैथ्यूज को आउट करा कर उन्होंने भले ही आइसीसी द्वारा बनाये गये नियम के अनुरूप खेलने का दावा किया है, लेकिन यह फैसला उन पर ही नहीं, पूरे खेल पर भारी पड़नेवाला है।

---

## राजनीतिक हलचल

# जाति गणना के आधार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 65 प्रतिशत आरक्षण का दिया प्रस्ताव

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, लेकिन असली चुनावी मोड में नीतीश कुमार दिखाई पड़ रहे हैं। जातीय जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरक्षण बढ़ाने के साथ-साथ, सभी गरीबों को आर्थिक मदद का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री के प्रस्ताव के साथ ही विधानसभा की कार्यवाही समाप्ति की घोषणा कर दी गयी। बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के साथ ही यह बात आगे बढ़ेगी और सरकार इसी सत्र के बाकी तीन दिनों के अंदर सारे प्रस्तावों को अधिसूचना के रूप में जारी कर सकती है।



### अब अनारक्षित बचेगा 40 प्रतिशत की जगह 25 प्रतिशत

बिहार की जातीय जनगणना के बाद आरक्षण प्रतिशत बढ़ाये जाने की मांग उठ ही रही थी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसी बात को आगे बढ़ा भी दिया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में जो प्रस्ताव दिया, वह अगर फाइनल हो गया तो बिहार की सरकारी नौकरियों में अनारक्षित वर्ग के लिए मात्र 25 प्रतिशत सीटें बचेंगी। सरकारी नौकरियों के बाद सरकार बाकी चीजों में भी यह आरक्षण रोस्टर लागू करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि जाति गणना की रिपोर्ट के आधार पर बिहार सरकार निर्णय लेगी। अनुसूचित जाति और जनजातियों की संख्या में वृद्धि के कारण इन्हें मिलने वाले आरक्षण को बढ़ाना पड़ेगा। सरकारी सेवाओं में इनके आरक्षण के अनुपात को तो बढ़ाना ही होगा। पिछड़े वर्ग और अतिपिछड़े के लिए भी आरक्षण बढ़ना चाहिए। मेरा यह कहना है कि जो 50 प्रतिशत आरक्षण है, उसे हम 65 प्रतिशत कर दें। पहले से अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत है तो इस 65 प्रतिशत के बाद कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जायेगा। तब अनारक्षित 25 प्रतिशत बचेगा।

# बिहार में 67 फीसदी गृहिणी-विद्यार्थी, इसी में हैं बेरोजगार

## मिस्त्री-मजदूर की मात्रा भारी, नौकरी में महज 5 फीसदी

**बेरोजगारों के आंकड़ों को छिपाया गया**

**स्वरोजगार के साथ भिखारी और कचरा बीनने वालों का भी आंकड़ा जारी**



बिहार सरकार ने जाति आधारित जनगणना के दौरान कराये गये आर्थिक आंकड़ों को जारी किया। यहे आंकड़े राज्य के लोगों की आर्थिक हालात दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार ने लोगों के 'कार्यकलाप' को दिखाते समय बेरोजगारों का आंकड़ा छिपा लिया है। कुल नौ तरह के कार्यकलाप दिखाते हुए 100 प्रतिशत आबादी की रिपोर्ट जारी की गयी है। इसमें भिखारी और कचरा बीनने वालों तक की संख्या बतायी गयी है, लेकिन बेरोजगारों की संख्या नहीं दिखायी गयी है। राज्य की 67.54 प्रतिशत आबादी, यानी 8 करोड़ 82 लाख 91 हजार 275 लोगों को 'गृहिणी, विद्यार्थी आदि बताया गया है। बाकी कार्यकलाप के आंकड़े स्पष्ट हैं, मतलब बेरोजगारों का आंकड़ा इसी में शामिल कर लिया गया है।

### मिस्त्री-मजदूर का बिहार, सबसे ज्यादा काम यही कर रहे

सरकार ने 67.54 प्रतिशत आबादी को गृहिणी, विद्यार्थी आदि में रखा है, इसलिए अब शेष आबादी में ही कार्मिकों का बंटवारा देखना होगा। इसमें देखें तो यह साबित होता है कि बिहार कृषक आधारित राज्य नहीं है, बल्कि मिस्त्री-मजदूरों का राज्य है।

राज्य में खेती करने वालों की आबादी 7.7 प्रतिशत है। यानी, करीब एक करोड़ 70 हजार 827 लोग खेती से जुड़े हैं, जबकि दो करोड़ 18 लाख 65 हजार 634 लोग मिस्त्री-मजदूर जैसा काम करते हैं। यह कुल आबादी का 16.73 प्रतिशत है।

### नौकरियों में 5 प्रतिशत लोग, सरकारी सिर्फ 1.57 फीसदी

जातीय जनगणना की आर्थिक रिपोर्ट में नौकरियों को तीन भाग में बांट कर लोगों की संख्या और उनका प्रतिशत बताया गया है। कुल 4.92 प्रतिशत आबादी के पास नौकरी है, जिनमें 1.57 प्रतिशत सरकारी नौकरी वाले हैं। कुल आबादी के 2.14 प्रतिशत लोगों के पास असंगठित क्षेत्र की प्राइवेट नौकरी है। ईपीएफ-इंश्योरेंस जैसी सुविधाओं के साथ नौकरी देने वाले संगठित क्षेत्रों की प्राइवेट नौकरी 1.22 प्रतिशत आबादी के पास है।

### स्वरोजगार के साथ भिखारी और कचरा बीनने वालों का भी आंकड़ा

जाति आधारित जनगणना की आर्थिक रिपोर्ट में कार्यकलाप की जानकारी लिये जाते समय स्वरोजगार के साथ-साथ भिक्षाटन और कचरा बीनने का काम करने वालों का भी वर्गीकरण किया गया है। 13 करोड़ की आबादी में महज तीन प्रतिशत 39 लाख 91 हजार 312 लोगों को स्वरोजगार करता दिखाया गया है। स्वरोजगार में चाय-पान-कपड़े आदि की अपनी दुकान चलाने वाले भी हैं। आर्थिक रिपोर्ट में 33 हजार 818 लोगों को भिक्षाटन से जुड़ा पाया गया, यानी बिहार में 0.03 प्रतिशत भीख मांग कर पेट पालते हैं। कचरा बीन कर पेट पालने वालों की संख्या 28 हजार 355 बतायी गयी है, यानी 0.02 प्रतिशत।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.58 बजे | |



# रांची के सिटी एसपी पर इडी अफसरों को फंसाने का दबाव बनाया जा रहा है: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि सीएमओ के इशारे पर रांची सिटी एसपी पर इडी अफसरों को फंसाने का दबाव बनाया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने ट्विट करते हुए कहा कि अति विश्वस्त जानकारी के अनुसार, झारखंड सीएमओ के इशारे पर पुलिस के कुछ आला अधिकारी रांची सिटी एसपी पर काफी दबाव बना रहे हैं। उनसे कहा जा रहा है कि किसी भी तरह कुछ दर्ज मामलों में इडी के कुछ चुनिंदा अधिकारियों को आदिवासी उत्पीड़न मामलों में अभियुक्त बनाया जाये। यहां तक कि ये भी निर्देश दिये जा रहे हैं कि अगर पुलिस नाम डालने में असमर्थ है, तो कम से कम केस में यह डाल दिया जाये कि इडी के अधिकारियों द्वारा आदिवासी उत्पीड़न किया गया है।



## अफसर सबक लें

बाबूलाल ने कहा कि पता नहीं ये सब बर्बादी के रास्ते वाले खुराफाती आइडिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कौन देता है। पिछले तीन सालों में आदिवासी उत्पीड़न का जितना दुरूपयोग हेमंत सोरेन करा चुके हैं, वही उनकी बर्बादी के लिए काफी है। आगे और मुसीबत लेने का काम क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे गलत काम में लगे अफसरों से भी वह अनुरोध करते हैं कि बुरा करने वालों का हाल देख कर सबक लें।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं.eT-M-MCC-OBHS-PUI-19-2023

कार्य का नाम : दो वर्ष की समयावधि हेतु कोचिंग डिपो पुरी में पुरी आधारीत ट्रेन के कोचों की यंत्रीकृत सफाई, ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवाएं और लिनेन का वितरण।

विज्ञापित मूल्य (₹): 65,86,90,696.72, EMD (₹): 34,43,500/-, निविदा दस्तावेज की लागत (₹): 29,500/-, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक - 07.11.2023, निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक - 21.11.2023 को 1530 बजे।

ऐसी निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, खोरधा रोड

PR-749/O/23-24

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मिथुन** रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेग।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# योजनाओं को धरातल पर उतारने में विफल है सरकार : अमर बाउरी

## सदन से सड़क तक उठेगी जोरदार आवाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन महामंत्री (झारखंड) कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष के अलावा अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मौके पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा देश को जोड़ने का काम कर रही है। पार्टी का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि सत्ता के माध्यम से देश का



विकास करना है। प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ देश का विकास कर रहे हैं। देश का विकास कोई एक व्यक्ति नहीं कर सकता, इसके लिए सभी को प्रयास करने की जरुरत है। झारखंड और छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है। इन राज्यों को भाजपा ही संवारेगी।

**देश में विकास की रफ्तार :** मौके पर अपने संबोधन में अमर कुमार बाउरी ने पार्टी की ओर से सौंपे गये नये दायित्व के लिए केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया। कहा कि उन्हें गर्व है कि वह और अन्य सहयोगी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य हैं। सम्मान समारोह के बाद मीडिया से बात करते अमर बाउरी ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों से झारखंड विधान सभा ने नेता प्रतिपक्ष के नाम पर बाबूलाल मरांडी को मान्यता नहीं दी। इस कारण राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की आवाज को प्रमुखता से झारखंड विधानसभा के पटल पर नहीं रखा जा सका। अब वे राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की आवाज और उनके अधिकार को संवैधानिक रूप से सदन के पटल पर रखेंगे। जनता ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को देख लिया है। राज्य सरकार नहीं चाहती है कि राज्य की जनता का विकास हो। सरकार सिर्फ अपनी ही तिजोरी को भरनें में लगी हुई है, लेकिन अब यह संभव नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अब जनता की आवाज को सदन से लेकर सड़क तक उठाने का काम करेगी।

## प्रवीण कुमार रांची के नये डीपीएम बने

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में रांची जिला में कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) के पद पर कार्यरत समरेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए गढ़वा का डीपीएम बनाया गया है। वहीं गढ़वा के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए रांची का डीपीएम बनाया गया है। इस बाबत अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने अधिसूचना जारी की है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह का अनुमोदन प्राप्त है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हर पंचायत में स्थापित होगा कल्याण मंच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का भी वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवंबर से शुरू होगा। इसके तहत प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित होगा, जिसके जरिये लाभुकों के बीच विभिन्न लाभों और परिसंपत्तियों का वितरण होगा। जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, साइकिल के लिए राशि देना, कंबल वितरण करना आदि सभी लाभ ऑन द स्पॉट दिये जायेंगे।

शिविरों में ऑन द स्पॉट शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जायेगा। आवेदनों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ऑन द स्पॉट निवारण करते हुए



समाधान, निष्पादन कागजात के साथ आवेदक की तस्वीर पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन द स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा।

ऑन द स्पॉट राजस्व अभिलेखों में संशोधन, परिमार्जन, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन किया जायेगा। आधार, राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत इस श्रेणी के तहत लोगों की शिकायतें शिविर में ही दर्ज की जायेंगी और यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऐसी शिकायतों का समाधान उसी दिन किया जाये। यदि किसी कारण उस दिन इस श्रेणी की शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता है तो आवेदन को लंबित माना जायेगा। साथ ही शिविर समाप्त होने के सात दिनों के अंदर उन मामलों का निष्पादन करना होगा। सरकार इन आवेदनों की ट्रैकिंग भी करायेगी।

# 31 नगर निकायों में मनेगी जल दिवाली

**एसएचजी की महिलाएं जलापूर्ति व्यवस्था से होंगी रूबरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 31 नगर निकायों में 7 से 9 नवंबर के बीच जल दिवाली मनायी जायेगी। इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से सभी नगर निकायों को पत्र लिख कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। वॉटर फॉर वुमेन और वुमेन फॉर वॉटर कार्यक्रम के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को निकटतम वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया जायेगा और उन्हें जल शोधन की विभिन्न प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। जल शोधन के बाद जलापूर्ति तक की प्रक्रिया की जानकारी दी जायेगी। इसके साथ आपूर्ति होने वाले जल की गुणवत्ता और गुणवत्ता के लिए उठाये जाने वाले काम से रूबरू करना भी इस कार्यक्रम का मकसद है। सरकार चाहती है कि महिलाओं में शुद्ध पेयजल और पेयजल आपूर्ति को लेकर सेंस ऑफ ओनरशिप डेवलप हो।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिले नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से झारखंड विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने एक-दूसरे को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अमर कुमार बाउरी एक तेज तर्रार नेता हैं।

उनके नेतृत्व में राज्य के मुद्दों को विधानसभा के पटल पर प्रमुखता से रखा जायेगा। आने वाले समय में राज्य की जनता के लिए नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में अमर कुमार बाउरी जनता की आवाज बन कर सदन में अपनी बात को रखेंगे।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, उसके लिए राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर खड़ा उतारने का वह प्रयास करेंगे। राज्य के सभी ज्वलंत मुद्दों को अपने संवैधानिक अधिकार के अंतर्गत सदन के पटल पर रखने के अलावा राज्य के विकास में नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो भी भूमिका होगी, इसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे।

# गलत अधिकारियों के खिलाफ सीएम कार्रवाई करें: धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोरचा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री पर उनके बयान के लिए निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि दुर्भाग्य की बात है कि राज्य के मुख्यमंत्री को अपने राज्य के ब्यूरोक्रेट्स पर भरोसा नहीं रहा उन्होंने कल अबुआ बीर दिशोम अभियान की शुरुआत नगाड़ा बजा कर की। इसी क्रम में उन्होंने अपने दुख को भी व्यक्त किया कि अन्य राज्यों के ब्यूरोक्रेट्स आइएएस,



आइपीएस अधिकारी पदाधिकारी कार्य करते हैं, लेकिन हमारे राज्य के नहीं। ऐसी क्या बात है। जब से राज्य बना है यही स्थिति है, क्योंकि यहां के पदाधिकारी का मन बढ़ा हुआ है, वे निडर हो गये हैं। वे जानते हैं कि यहां हम जो करेंगे, मालिक हम स्वयं हैं। यहां के जनप्रतिनिधि क्या करेंगे। पदाधिकारी यहां के जनप्रतिनिधि को कुछ समझते नहीं हैं, और अपने मन मुताबिक कार्य करते हैं, जिससे आज राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। लोभ लालच में पड़ कर मंत्री भी फस जाते हैं। पदाधिकारी भी उनको ब्लैकमेल करते हैं। गलत कार्य करवा कर, जिसके अनेकों उदाहरण पूर्व की सरकारों के घोटाले के हैं। मुख्यमंत्री ने अफसोस जाहिर किया कि वन अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वन क्षेत्र में रहने वालों को जमीन का पट्टा देने का काम 24 जिलों में किया, दूसरी तरफ अफसोस भी जाहिर किया की सबसे अधिक वन क्षेत्र 30% झारखंड में है। अन्य राज्यों में कम हैं, फिर भी 2006 से अब तक कोई अधिकार हमारे राज्य के वासियों को जो जंगल वन क्षेत्र में रहते हैं, नहीं मिल पाया। आखिर मुख्यमंत्री का दर्द जुबान पर आ ही गया। किस तरह अधिकारी पदाधिकारी भोले भाले झारखंड के वासियों को ठगते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री से निवेदन है कि प्रशासनिक पदाधिकारी पर अंकुश लगायें और जनहित में कार्य बिना विलंब किये जनहित में करते जायें। तभी झारखंड आगे बढ़ेगा। भ्रष्टाचार खत्म होगा। भ्रष्ट पदाधिकारी जिनका मन बढ़ा है, उनकी जांच अपने स्तर से सरकार को करनी चाहिए, यहां पदाधिकारी की भी लॉबी है इसे खत्म करना चाहिए।

# आइपीसी की धारा 498ए को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहीं महिलाएं : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आइपीसी की धारा 498ए (महिला पर उसके पति या ससुराल वालों के द्वारा की गयी क्रूरता) के दुरुपयोग पर चिंता जाहिर की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अपने ससुराल वालों से असंतुष्ट पत्नियां कानून के इस प्रावधान का हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रही हैं। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस




संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि पत्नी द्वारा बिना उचित विचार-विमर्श के मामूली विवाद पर आवेश में आकर ऐसे मामले दायर किये जा रहे हैं। अदालत ने एक महिला द्वारा उसके जेठ और जेठानी के खिलाफ दर्ज करवायी गयी प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बातें कही हैं।

## महिला ने अपने ससुराल वालों पर लगाया था प्रताड़ना का आरोप

दरअसल धनबाद की रहनेवाली एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ यातना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी थी, जिसे रद्द करने के लिए राकेश राजपूत और उनकी पत्नी रीना राजपूत ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरोपियों की ओर से पक्ष रख रही अधिवक्ता आशमा खानम ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि उनके खिलाफ लगाये गये सभी आरोप झूठे हैं। क्योंकि कथित घटना के दिन वे ट्रेन से सफर कर रहे थे। बहस सुनने के बाद अदालत ने राकेश राजपूत और उनकी पत्नी के खिलाफ धनबाद सिविल कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान के आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

कार्यालय - नगर परिषद, सिमडेगा

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–10/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् सिमडेगा ।
2. कोटेशन प्रपत्र विपत्र बिक्री की तिथि – 07.11.2023 से 08.11.2023 तक ।
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय – 09.11.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तक।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय – 09.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक ।
5. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – कार्यालय नगर परिषद् सिमडेगा ।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | अग्रधन की राशि | कोटेशन प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चापाकल मरम्मति हेतु सामग्री (Spare Parts for I.M. 2 and I.M. 3 D.T.) की आपूर्ति सूची संलग्न (BIS Specification) | 10,000.00 | 1000.00 |

नोट:– कोटेशन की शर्तें सभी कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे अपराह्न तक नगर परिषद कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद, सिमडेगा ।

ज्ञापांक : 1658(ii), दिनांक : 04–11–23

कार्यालय–नगर परिषद, सिमडेगा

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–11/2023–24

1. विभाग का नाम – कार्यालय, नगर परिषद, सिमडेगा ।
2. कोटेशन बिक्री की तिथि एवं समय – 07.11.2023 से 08.11.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय – 09.11.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक ।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय – 09.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे।
5. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – कार्यालय नगर परिषद, सिमडेगा ।

| Sl. No. | Particulars | कोटेशन प्रपत्र का मूल्य | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1. | Supply of Alumina Ferric confirming to IS:299/1989 (Fourth Revision) for treatment of drinking Water Minimum $Al_2O_3$ content should be 16% to Including packing, carriage, Loading & unloading stacking at store at Simdega | 1,000.00 | आवश्यकतानुसार |
| 2. | Bleaching | 1,000.00 | do |

सामग्रियों की आपूर्ति के लिए शर्तें :–

6. कोटेशन दाता को कोटेशन के साथ उससे संबंधित पूर्ण विवरण संलग्न करना है।
7. कोटेशन दर में सभी टैक्स संनिहित रहेगा। इसके लिये अलग से भुगतान नहीं होगा ।
8. आपूर्ति नगर परिषद, सिमडेगा के कार्यालय में होना है इसके लिये अलग से परिवहन व्यय देय नहीं होगा ।
9. कोटेड दर अंक और अक्षर में होना आवश्यक है एवं कोटेशन बन्द लिफाफा में मान्य होगा ।
10. आपूर्तिकर्ता को भुगतान चेक/ड्राफ्ट द्वारा सामग्री नगर परिषद सिमडेगा को उपलब्ध कराने के पश्चात् किया जायेगा। बैंक कमीशन आपूर्तिकर्ता को वहन करना होगा।
11. कोटेशन में डाले हुए दर एक वर्ष तक मान्य होगा तथा आपूर्ति आदेश के 7 दिनों के अन्दर आपूर्ति करना होगा ।
12. आपूर्ति किया जाने वाला सामग्री अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए।
13. आपूर्तिकर्ता को आयकर प्रमाण–पत्र एवं जी.एस.टी. नं., पैन नं. तथा झारखण्ड टीन नं. का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्तिकर्ता का एकरारनामा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
15. आपूर्तिकर्ता को अद्योहस्ताक्षरी के साथ दो दिनों के अन्दर एकरारनामा करा लेना आवश्यक होगा ।

ह0/–
प्रशासक
नगर परिषद, सिमडेगा ।

ज्ञापांक : 1659(ii), दिनांक : 04–11–23

आजाद सिपाही

रांची, बुधवार, 08 नवंबर, 2023

www.azadsipahi.in




## टैक्स नहीं देनेवालों के खिलाफ कार्रवाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा सह प्रशासक नगर पंचायत डोमचांच संदीप कुमार मीना ने नगर पंचायत, डोमचांच क्षेत्र के होल्डिंग टैक्स नहीं देने वाले बड़े बकायेदारों का खाता फ्रीज करने का निर्देश दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा-सह-प्रशासक ने राजस्व संग्रहन, होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाईसेंस से संबंधित समीक्षा बैठक की। इसमें नगर पंचायत राजस्व एजेंसी के कार्यो पर असंतोष जताया तथा छह माह ज्यादा होने के बाद भी मात्र 48 प्रतिशत राजस्व वसूली पर नराजगी जतायी। एजेंसी के प्रतिनिधि ने बैठक में कहा कि कई लोग टैक्स नहीं दे रहे, इससे बकाया टैक्स राशि काफी बढ़ गई है। इस पर प्रशासक ने सभी के साथ कडाई से पेश आने को कहा। बैठक में नगर प्रबंधक, टैक्स कलेक्टर और सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। वार्ड नं. 8 स्थित बाजार रोड के अनील कुमार सुण्डी, संजय कुमार और सुनिल सिन्हा वार्ड नं. 7 स्थित ढाब रोड़ के युवराज मेमोरियल स्कूल, वार्ड नं. 2 स्थित गिरीडीह रोड का मंयक कुमार, सरयू मंडल, बासूदेव पंडित और बंसत कुमार मेहता वार्ड नं. 8 स्थित गिरीडीह रोड के संजय कुमार, वार्ड नं. 10 स्थित गिरीडीह रोड के हीरालाल सुन्डी, महेश प्रसाद और मनोज कुमार मेहता पर बकाया को लेकर खाता फ्रिज की कार्यवायी की जा सकती है।

## आंदोलनकारी मोर्चा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्णा कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर अजय कृष्ण ने बताया कि कोडरमा जिला के सभी अंचलों, डोमचांच, सतगावां, मरकच्चो, जयनगर, चंदवारा में अंचल के अंचल अधिकारी ,राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल निरीक्षक, अंचल अमीन के द्वारा आम जनता, रैयतों, ग्रामीणों को अंचल से संबंधित कार्यों में जान बुझकर सभी तरह के कार्यो में महीनों दौड़ाते हैं। आम रैयतों के द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारियों को लिखित आवेदन पत्र देने और संबंधित पदाधिकारियों को जानकारी देने पर भी किसी भी तरह का कोई कार्रवाई कानून सम्मत नहीं की जाती है। अंचल के कर्मियों के क्रियाकलापों से आम-अवाम, रैयतों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से काफी क्षति पहुंचाई जाती है। कोडरमा जिला के टास्क फोर्स से पंद्रह दिनों के अंदर जांचोपरांत संबंधित पदाधिकारियों पर नियम संगत कार्रवाई करते हुए रैयतों को कार्यों को स-समय कराने की मांग किया गया और बताया कि कार्रवाई नहीं होने पर कोडरमा जिला के आम-अवाम, रैयतों से अपील की जायेगी की किसी भी प्रकार के कार्यों से संबंधित न तो अंचल में जायें और ना ही आनलाईन राजस्व लगान का भुगतान करें। इसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन कोडरमा की होगी।

## पूर्व विधायक ने बांटे बीज



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** अनूसूचित जाति उप-परियोजना भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया करमा हजारीबाग के बैनर तले गयपहाडी गांव में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में किसानों के बीच उत्तम रबी बीज का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। मौके पर पूर्व विधायक यादव ने अपने हाथों से किसानों के बीच रबी फसल बीज का वितरण किये। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रभारी मुखिया झुरझुरी प्रियंका कुमारी, मुखिया चुगलामो फूलवंती कुमारी, पूर्व पंसस महेंद्र प्रसाद, मनोहर चौधरी, उपमुखिया चुगलामो किशोर मोदी, अर्जुन प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, लीलधारी पासवान, उपेंद्र शर्मा, लालकिशुन पंडित, किशुन राम, गयपहाडी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर, पिंटू प्रसाद वर्णवाल, अजय कुमार साव, संजय यादव, प्रकाश राणा समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## पेड़ काटने से रोकने को लेकर दिया आवेदन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 10 सहाना रोड में सचिन सहाना के घर की चाहरदीवारी के बाहर एक शीशम के पेड़ को काटने से रोकने को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिए आवेदन में बताया गया कि सचिन सहाना के घर की चहारदीवारी के बाहर एक शीशम का पेड़ है जो हरा है और सरकारी जमीन पर है। यह सरकारी संपत्ति है इसको नवनीत सहाना पिता स्वर्गीय सचिन सहाना असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर सरकारी पेड़ को अपनी निजी संपत्ति बताते हैं। इसे कटवाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए हरे-भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। वहीं आवेदन की प्रति वन प्रमंडल पदाधिकारी को भी दी गयी है। कहा गया है कि इस मामले की जांच करते हुए हरे पेड़ की कटाई को तत्काल रोककर आवश्यक कार्रवाई की जाये।

## विधि दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में 3 नवम्बर से 9 नवंबर 2023 तक विधि सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा की ओर से कोडरमा जिले के विभिन्न प्रखंडो में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वोलेनटियर द्वारा अपने अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगो को विधि एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर आगामी 9 नवम्बर 2023 को व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित जिला न्याय सदन सभागार में विधि दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा बेस्ट पी एल वी, बेस्ट पैनल अधिवक्ता, बेस्ट विधिक संस्थान, बेस्ट लीगल लिट्रेसी क्लब को विधि दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मानित भी किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) द्वारा एक टोल फ्री नंबर की शुरूआत की जाएगी जिसका अवलोकन भी सभी लोग कर सकेगे। उक्त आशय की जानकारी कोडरमा की अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की प्रभारी सचिव कंचन टोप्पो ने दी।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत ग्राम गुमो में विगत दिनों प्रेम प्रसंग मामले में एक लड़की को लड़के ने आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया था। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित परिवार वालों ने तिलैया थाना में की थी।आवेदन के आलोक में तिलैया पुलिस ने कांड संख्या 270/23 दर्ज करते हुए इस मामले में अभियुक्त पवन तिवारी, पिता नकुल तिवारी को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया है।

# चार गिरफ्तार, 142 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बिहार से हजारीबाग में लाकर ब्राउन शुगर खपाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को हजारीबाग पुलिस ने धर दबोचा है। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया की गुप्त सुचना मिली थी कि हजारीबाग लोहसिंघना थाना क्षेत्र अन्तर्गत झील परिसर के पास बड़े मात्रा मे नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री होने वाली है। जिसमें बिहार से ब्राउन शुगर लाकर यहां बेचे जाने की सूचना है। उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर महेश प्रजापति के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमे छापामारी दल के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए झील परिसर के पास से घेराबंदी कर चार संदिग्ध




लोगों को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से 142 ग्राम नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुआ। इस पर लोहसिंघना थाना काण्ड संख्या 244/23 दर्ज करते चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। संतोष कुमार पिता बृज बिहारी सिंह सा मेवाउर खुर्द, थाना इमादपुर, जिला भोजपुर (बिहार) और सैयद मोहम्मद जिसान पिता स्व मो रिजवान आलम आजाद नगर गली नं 5, थाना पेलावल ओपी, जिला हजारीबाग स्थाई पता बाईपास, थाना बाईपास जिला नवादा, (बिहार) दोनो के द्वारा बिहार के आरा जिला से नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर लाकर हजारीबाग मे रमिज राजा उर्फ अयान पिता स्व मो महबुब आलम पगमिल, थाना लोहसिंघना, जिला हजारीबाग और मोनाजिर खान उर्फ गुड्डु पिता स्व जहीर खान रोमी, थाना पेलावल ओपी, जिला हजारीबाग के पास बेचा जाता था और ये दोनों हजारीबाग में इसकी बिक्री करते थे।

**बरामद सामानों की सूची:-**

नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर 142 ग्राम, एक यामहा कम्पनी का मोटरसाइकिल, एक ओप्पो कम्पनी का हरा रंग का 11 प्रो स्क्रीन टच मोबाइल, एक ब्लु रंग का वीवो कम्पनी का स्क्रीन टच मोबाइल, एक ग्रे रंग का वन प्लस कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल एक ब्लु रंग का ओप्पो कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल।

## नाना और नाती के अपहरण का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से नाना और नाती का अपहरण कर लिया गया है। इस बाबत बड़की धमराय निवासी मितालाल महतो पिता बिलास महतो ने डैम ओपी थाना में आवेदन देकर अपने पिता व भांजा के साथ मारपीट कर अपहरण करने को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि मंगलवार को मैं अपने कोचिंग गीतांजलि में पढ़ा रहा था। इस दौरान सूचना मिली कि मेरे पिता बिलास महतो (उम्र 55 वर्ष) व मेरे भांजे नीतीश कुमार (उम्र 17 वर्ष) के साथ डीवीसी बाजार के पश्चिम दिशा में मेरे मामा भिखारी प्रसाद (उम्र 45 वर्ष पिता स्व धनी महतो), जय महतो (उम्र 25 वर्ष), चंदन कुमार (उम्र 22 वर्ष), कुंदन कुमार (उम्र 18 वर्ष) सभी के पिता भिखारी प्रसाद साकिन कांटी, डैम ओपी, थाना जयनगर मेरे पिता व भांजे को लाठी, डंडे व धारदार हथियार से बेरहमी से मारपीट कर रहे है। सूचना के उपरांत जब मैं पहुचा तो स्थानीय लोगो से सूचना मिली कि उपरोक्त सभी लोग मेरे पिता व भांजे को मारपीट कर घायल कर दिए व अपने पिकअप गाड़ी पर सवार कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गये। मुझे संदेह है कि वे उनकी हत्या कर सकते हैं। घटना में प्रयुक्त एक सवारी गाड़ी व एक बाइक की भी बरामदगी हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना की तहकीकात में जुटी है।

## झारखंड की टीम का मुंबई में हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नवझारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने आज गोवा में रोलबौल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्रमशः तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली झारखंड के लड़कों एवम लड़कियों की टीम को मुंबई में शॉल तथा डायरी देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव राजेश झा, झारखंड की टीम के कोच चंदन जी, प्रदीप जी, ज्योति साहू और सत्यदीप भी उपस्थित थे।

## 23 को सनातन धर्मियों का समागम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर सभागार में विश्व हिंदू परिषद जयनगर प्रखंड की बैठक विनोद कुमार बर्णवाल की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें प्रखंड स्तरीय सम्मेलन को लेकर 23 नवंबर दिन 11 बजे दुर्गा मंदिर जयनगर के प्रांगण में बैठक किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होगी। इस उपलक्ष में सभी सनातन धर्म प्रेमी को समय पर उपस्थित होकर प्रखंड स्तरीय विश्व हिंदू परिषद सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गयी है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने कहा कि 23 नवंबर को हरेक पंचायत



से ज्यादा से ज्यादा लोग बैठक में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनायें। वहीं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष महेश पांडेय ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए गांव के सभी मंदिरों में अनुष्ठान किया जायेगा। हरेक घर में दीपकोत्सव मनायेंगे। मौके पर बजरंग दल संयोजक अजय यादव, सुनील सिंह, रामदेव मोदी, राजेंद्र सिंह, उमेश मोदी, शशिकांत प्रसाद, शिव शंकर राणा, विनोद साव, टेकनारायण राम, विनोद गुप्ता, राम टहल स्वर्णकार, राजेंद्र प्रसाद सिंह, रामेश्वर साव, सुरेश सिंह, वीरेंद्र पांडेय, कारी सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ढिबरा लदा वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो पुलिस ने बरियारडीह मरकच्चो पथ पर मरकच्चो पावर हाउस के समीप ढिबरा लदा एक चार पहिया टाटा ऐसी वाहन समेत तीन लोगों को सोमवार की रात्रि लगभग 2 बजे गिरफ्तार कर थाना ले आयी। जानकारी के अनुसार ढिबरा लदा उक्त वाहन धनवार क्षेत्र से मरकच्चो पंचखेरो डैम से होते हुए मरकच्चो बरियारडीह पथ पर आ रही थी। उसी समय 3 लोगो को गिरस्तार कर मंगलवर को प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। जिसमें डोमचांच काली मंडा निवासी आशीष कुमार उम्र 22 वर्ष, फुलवरिया निवासी राजकुमार मेहता उम्र 30 वर्ष, डोमचांच नावाडीह निवासी दिवाकर मेहता उम्र 35 वर्ष का नाम शामिल है।

## एसडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर प्रशासक नगर पंचायत डोमचांच संदीप कुमार मीना ने नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों का



भ्रमण किया गया। उन्होंने शिवसागर तालाब, नभर तालाब, नवा आहार तालाब, टाको आहार तालाब और महेशपुर घाट का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने नगर प्रबंधक को अपने स्तर पर सभी छठ घाटों की साफ-सफाई करवाने, साथ ही सभी छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पानी की साफ-सफाई करने का निर्देश दिया।

## विद्यालय में मेडिकल किट का वितरण

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीवीसी के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र निगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आने वाले पोषक क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में मेडिकल फर्स्ट एंड किट सीनियर जीएम सह




परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह, डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह के द्वारा 45 विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया। जिससे खेल के दौरान घटना व छोटे-मोटे चोट का तुरंत इलाज किया जा सके। मौके पर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम, निर्मला, जितेंद्र, विनोद सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाओं में हर्षोल्लास के साथ एनटीपीसी की 49वां स्थापना दिवस मनाया गया। पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट, चट्टी बरियातू, केरेडारी और पदम कोयला खनन परियोजना के तमाम पदाधिकारी, एसोसिएट्स, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी और अन्य इस मौके उपस्थित हुए। स्थापना दिवस के इस जश्न की शुरूआत एनटीपीसी ध्वजारोहण के साथ की गयी और उसके बाद प्रयोजना प्रमुखों द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया गया। परियोजनाओं के प्रमुखों ने




अपने वक्तव्य में सबसे पहले 49 वर्ष में प्रवेश करने पर सभी कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मौके पर बादम कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही बादम कोयला खनन परियोजना में खनन कार्य शुरू की जायेगी। इसके बाद पकरी बरवाडीह और पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने शुभकामनाओं के साथ अपनी परियोजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को बयां करते हुए कहा कि हम निरंतर अपने लक्ष्य को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विशेष तौर पर जिक्र किया कि आसपास के क्षेत्रों में एनटीपीसी के द्वारा कई तरह के विकास कार्य किये जा रहे हैं जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। एनटीपीसी के 49वें जन्मदिन के मौके पर परियोजना प्रमुखों के अलावा सभी परियोजनाओं के कर्मचारी, एसोसिएट्स और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## अडाणी फाउंडेशन ने लगाया जांच शिविर




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। अदाणी फॉउंडेशन के बैनर तले पिछले महीने अक्टूबर में शिवाडीह, सांढ़, सुकुलखपिया, कुम्हारडीहा, पिपराडीह, अम्बाजीत, डोकाटांड़, मोहगाई खुर्द और डाकबंगला समेत विभिन्न स्थानों पर लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 549 महिलाओं समेत कुल 1125 ग्रामीणों की जांच की गयी है। हजारीबाग के डॉक्टर विजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखंड के अधिकतर ग्रामीणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गठिया, पॉलीआर्थराइटिस, एक्जिमा, बुखार, सामान्य दर्द, सरदर्द, सर्दी और अन्य पोषण संबंधी कमियां लगातार मिल रही हैं। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से चलायी जा रही मेडिकल मोबाइल हेल्थ यूनिट बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। इधर, मंगलवार को बड़कागांव स्थित डैप परिसर में गोंदलपुरा, गाली और बलोदर समेत विभिन्न गांव के 60 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

## खतियान संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में अंचल कार्यालय व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया। वक्ताओ ने भ्ष्टार्चार के विरुद्ध आंदोलन करने की बात कही। कहा कि भ्ष्टार्चार पर रोक नहीं लगाये जाने पर चरणबद्ध आंदोलन की जायगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिप० सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल व संचालन उप प्रमुख सरयू साव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिपङ्कसदस्य विष्णुगढ़ पूर्वी सरयू पटेल, पूर्व जिपङ्कसदस्य विष्णुगढ़ पश्चिमी जय प्रकाश सिंह पटेल, उप प्रमुख सरयू साव, पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, अधिवक्ता रोशन पटेल, उमेश कुमार महतो, डॉङ्क गुलाब महतो, सत्यनारायण महतो, सुशील महतो, कैलाश महतो, प्रेमचंद महतो, टहल महतो, जीतन महतो, सनी कुमार, प्रदीप शौर्य, माही बाबू, सनी कुमार, रामचंद्र राम, गंगा भाई, नंदलाल महतो, जानकी महतो, सुरेंद्र राम, डिलेश्वर कुमार, रतिलाल महतो, सुरेश कुमार, दुलारचंद साव, नारायण महतो, बैजनाथ साव, महुद्दीन अंसारी, बासुदेव महतो, विनोद सिंह, सरफराज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## इचाक में स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि महेश कुमार साव ने मंगलवार को इचाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ ओमप्रकाश से मिल व्यवस्था की जानकारी ली। सांसद प्रतिनिधि ने चिकित्सा प्रभारी से कहा की स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सकों को अस्पताल आये मरीजों से मित्रता पूर्ण व्यवहार करना चाहिए। कुछ दिन पूर्व एक चिकित्सक और महिला जनप्रतिनिधि के बीच इलाज को लेकर विवाद हुआ था उसे भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा की मरीजों का इलाज करना ही डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का कार्य है। मौके पर सांसद के अंचल प्रतिनिधि सह पंसस मुकेश उपाध्याय भी उपस्थित थे।

## चलकुशा में पंचायत समिति की बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख नीतू कुमारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने किया। इस बैठक में मतदाता सूची में नये मतदाता को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने कहा की 15 नवंबर से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को आयोजित किया जायेगा। इसमें आठ नये योजना को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा बरसात में टूटे-फूटे मकानों की क्षतिपूर्ति की राशि लाभूक को दी जायेगी। विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पंचायत सेवक को कहा की जन्म प्रमाण पत्र की बहुत शिकायत मिल रही है। इस बैठक में प्रत्येक पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को आवंटित पंचायत भवन में सप्ताह में एक दिन बैठने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप प्रमुख शमशेर आलम, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोर कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गणेश प्रजापति, जुग्गू महतो, बाल गोविंद गिरी, जेएसएलपीएस केदार प्रजापति ,पुरन पासवान, रूपेश कुमार आदि मौजूद थे।

## गौरव पटेल ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुसुम्भा स्थित अलखरी में 25 केवी का ट्रांसफार्मर बीते कई दिनों पहले जल गया था। झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल के प्रयास से इसे उपलब्ध कराया गया। जिसका ट्रांसफार्मर उन्होंने किया। मौके पर कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, टिपुलाल महतो, पवन पासवान, नारायण महतो, कैलाश महतो, फूलचंद सोरेन, राजू बेसरा, दिलीप सिंह, लाला सोरेन, बबन मुर्मू, महेंद्र सोरेन उपस्थित थे।

## खो-खो चैंपियनशिप में चितरपुर की टीम बनी विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सौंदा बस्ती पारटांड स्टेडियम में रविवार से चल रहे रामगढ़ जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रथम सब जूनियर खो-खो चैंपियनशीप प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्य देवी के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, विशिष्ट अतिथि सौदा बस्ती की पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य मानस मुंडा, शशि बाउरी, भवानी शंकर प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, बंटी मुंडा, ललन आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में शामिल छह ब्लॉक पतरातू, रामगढ़, चितरपुर, गोला, मांडू और दुलमी के बालक-बालिका की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में बालिका वर्ग का मैच गोला बनाम चितरपुर के बीच खेला गया। जिसमें चितरपुर की टीम 6 अंक से विजेता बनी। वहीं बालक वर्ग में पतरातू बनाम गोला के बीच मैच खेला गया। जिसमें 4 अंक से पतरातू की टीम विजेता बना। बालक-बालिका विजेता-उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कवि मुंडा, आनंद तिग्गा, अभय मुंडा, आमिर सोहेल, नवीन कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विभिन्न परियोजनाओं को लेकर डीसी ने की बैठक

# स्ट्रीट लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना करें सुनिश्चित: डीसी

**एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की डीसी ने ली जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी द्वारा भारतमाला परियोजना गोला-ओरमांझी और कोलकाता-वाराणसी अंतर्गत पैकेजवार और मौजावर अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। जिस पर डीसी ने अधिग्रहित भूमि में आने वाले समस्याओं का निष्पादन करते हुए मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही आपसी विवाद के कारण मुआवजा नहीं लिए जाने वाले लोगों को नोटिस देते हुए





विवादित भूमि का मुआवजा सक्षम न्यायालय में भेजने का निर्देश दिया। वही, डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को मौजे से संबंधित वंशावली और जमीन मापी का प्रतिवेदन जल्द से जल्द जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

**जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने बरलंगा कसमार सड़क निर्माण कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य में तेजी तेजी लाते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एनएच 33 अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में स्ट्रीट लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश एनएचएआइ के अधिकारियों को दिया। समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किये जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के निदेशक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक आयोजित



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाइए) राज्य परिषद की बैठक बुजुर्ग जमीरा में आयोजित की गयी। बैठक में राज्यभर के नौजवान प्रतिनिधि शामिल हुएं। बैठक में उपस्थित आरवाइए के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड नीरज ने राष्ट्रीय परिस्थिति पर चर्चा करते हुए कहा की पिछले दस सालों में रोजगार देने के नाम पर आई मोदी सरकार, नौकरी देना तो दूर सरकारी संपत्ति, सार्वजनिक संपत्ति को बेच रही है, किसानों व महिला समूहों के लोन के बजाए पूंजीपतियों के लोन माफ कर रही है। उन्होंने बताया देश भर में रोजगार के सवालों को दबाने के लिए सामाजिक विभाजन पैदा किया जा रहा है, सांप्रदायिक दंगे किए जा रहे हैं। इंकलाबी नौजवान सभा की राष्ट्रीय परिषद ने तय किया है की देश भर में अभियान चला कर पिछले दस सालों के कार्यकाल का हिसाब मांगा जायेगा। रोजगार के विषय पर श्वेत पत्र जारी करने का मांग की जायेगी। राज्य परिषद की बैठक में गांव गांव अभियान चला कर झारखंड के दस हजार गांवों में इंकलाबी नौजवान सभा की इकाई बनाने का टास्क लिया गया है। बैठक में राज्य अध्यक्ष संदीप जयसवाल, सचिव अविनाश रंजन, दिव्या भगत, जयबीर हंसदा, सोनू पांडे, राजेश विश्वकर्मा, अशोक मिस्त्री, विक्रम ,जिम्मी चौरसिया, सुनील किस्कू, विदेश मुंडा, पवन यादव, प्रकाश मरांडी, सोमनाथ चटर्जी, संदीप, काजल, धीरज सहित राज्य भर के दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आदिवासी समाज ने निकाला मौन जुलूस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी समाज पतरातू प्रखंड ने श्याम सुंदर करमाली पर भुरकुंडा पुलिस द्वारा झूठा एफआइआर दर्ज करने के विरोध में मंगलवार को मौन जुलूस निकाला। जुलूस मतकमा चौक भुरकुंडा से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भुरकुंडा थाना मैदान पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए श्याम सुंदर करमाली ने कहा कि भुरकुंडा पुलिस उनके उपर झूठा एफआईआर दर्ज किया है। उसी के विरोध में आरटीकल 19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मौन जुलूस निकालकर समाज के लोगों द्वारा विरोध किया गया है। जुलूस में शामिल लोग श्लोगन लिखे तख्तियां हाथों में लिए हुए थे। मौन जुलूस में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद और आदिवासी समाज पतरातू प्रखंड के दर्जनों महिला-पुरूष पारंपरिक वेशभूषा और हरवे-हथियार के साथ शामिल हुए।

## गला दबा कर महिला की हत्या



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत कुब्बा गांव में सोमवार की देर रात बबन भुईयां की 30 वर्षीय पत्नी रेखा देवी का शव उसके घर से बरामद किया है। घटना का कारण पता नहीं चल पता रहा है। इस संबंध में मृतका की बेटी ने बताया गया कि सभी लोग खाना खाकर सो गये थे। सुबह जब सो कर उठे तो सीढी के पास मां को मृत पड़ी हुई देखी। इसकी जानकारी आस पास के लोगों को दी गयी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे और थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला की हत्या उसके घर के सीढ़ी के पास ही की गई है। गले में काला निशान बना हुआ है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला को गला दबाकर हत्या की गयी है ।

## युवक ने की आत्महत्या

कुजू। सांडी में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान ले ली। सूचना बाद पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, सांडी निवासी नीरज प्रजापति (21 वर्ष) पिता सुरेश प्रजापति सोमवार की रात खाना खाने के बाद सो गया। वही, देर रात्रि किचन मे दुपट्टा के सहारे फांसी लगा ली। हालांकि नीरज ने फांसी किस वजह से लगायी पुलिस इसका जांच पड़ताल में जुटी है। इधर, परिजनों ने टूटी झरना शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

## डूमपनिया गांव विकास से कोसों दूर

**सड़क, पानी, और आवास की सुविधा से वंचित हैं ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत पसेरिया के डूमरपनिया गांव में आजादी के साढ़े सात दशक के बाद भी नहीं हो सका है विकास। ग्रामीण सड़क, पानी, आवास, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां करीब दो सौ से अधिक आबादी है। पंचायती राज के तीन चरण पंचायत चुनाव बीतने के बाद भी जनप्रतिनिधियों ने अबतक सुध नहीं लिया। डूमरपनिया गांव के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से गांव की विकास को लेकर कई बार गुहार लगाई लेकिन अब तक विकास का कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधि सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने के



लिए आते हैं। उसके बाद पांच साल तक कोई भी नजर नहीं आता है।

**पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने बोरिंग करवाया:** कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि नरेश बेदिया ने गांव के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मुलभूत सुविधाओं को जाना। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि ने त्वरित कार्रवाई करते हुये अपने अगुवाई में विधायक के समक्ष गांव की समस्याओं को रखा। समस्याओं को सुन विधायक अंबा प्रसाद ने पानी से निजात दिलाने के लिए विधायक मद से सर्वप्रथम एक चापानल की बोरिंग कर्रवाई। वहीं समस्यायों को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने नरेश बेदिया के माध्यम से ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द ही गांव की मुलभूत सुविधाओं को दूर किया जायेगा।

चापानल बोरिंग के उपरांत मौके पर जनप्रतिनिधि और ग्रामीण प्रेमचंद महतो, पारस महतो, लखन बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, सिकासन करमाली, निरंजन सिंह, गौतम हांसदा, अनिल बेदिया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## सर्वोदय निकेतन में कविता गायन प्रतियोगिता संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्सदनीय कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने अपने सुस्वर में सुंदर-सुंदर कविताएं प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में गांधी सदन की अंतरा कुमारी को प्रथम, कलाम सदन के संदीप कुमार चौधरी को द्वितीय तथा सुभाष सदन की आरती कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र लोकेश कुमार शर्मा ने किया। निर्णायक मंडली मे ब्रह्मदेव महतो, अनिल कुमार गुप्ता और सिंधु गुप्ता शामिल रहे। इस अवसर पर सत्यप्रकाश वर्मा, मनीष कुमार प्रसाद, रविंद्रनाथ उपाध्याय, जगदीश महतो, सूरज मांझी, रजनी कुमारी, ज्योति कुमारी, पूजा सिंह, दीपा रानी समेत शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## खेलकूद में पीयूष ने पाया प्रथम स्थान





**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया 52वीं केविएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में केवी स्कूल पतरातू का छात्र सह सौंदा डी निवासी कौशल कुमार सिंह व संगीता देवी का पुत्र पीयूष कुमार सिंह ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन कर अपना जलवा बिखेरा है। पीयूष ने रांची संभाग झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे भारत में 400 मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व परिजनों को गौरवांवित किया है। कोच मो. कमरुद्दीन ने उसकी सफलता पर बधाई देते हुए बताया की लगातार पीयूष के बेहतर प्रदर्शन पर दिसंबर में आयोजित होने वाले एसजीएफआइ में चयन हो चुका हैं। पीयूष की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आरसी गोंड, रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सीडी सिंह, केदार राम, अजय कुमार, मिस मेरी, ललिता सहित सौंदा डी पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवा पर भरोसा करने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज / चतरा।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ रितु कुमारी और डॉ पूजा रानी तथा संचालन अभय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर द्वारा होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवा और इनसे होने वाले लाभ की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि आज लोग होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवा का सेवन नहीं कर इंग्लिश दवा का सेवन करते हैं जिससे कई तरह के बीमारी की चपेट में आ जा रहे हैं। आप लोग होम्योपैथिक आयुर्वेदिक दवा पर भरोसा करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में बच्चों के बीच रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कृत की गयी। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद सिंह बबलू कुमार रवि कुमार के अलावा कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## दीपक बिरुवा ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# विधानसभा में उठाये गये मामलों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन के सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान विधानसभा में उठाये गये चतरा जिला से सम्बंधित मामलों में किये गये कार्यों की समीक्षा किया गया। इस मौके पर सभापति ने कहा कि विधानसभा में उठाये गये वैसे मामले जिसमें सरकार के द्वारा उसके निष्पादन का आश्वासन दिया गया है। समीक्षा के क्रम में विधानसभा में उठाये गये चतरा जिला से सम्बंधित कुल 19 मामलों के बारे में विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लिया गया। जिसमें जिला कल्याण विभाग द्वारा वनाधिकार पट्टा का वितरण, मनरेगा के तहत विकास



कार्य, सड़क निर्माण कार्य, कॉलेश्वरी मंदिर में पर्यटकीय सुविधा, राजस्व विभाग द्वारा भूमि पट्टा में दखल कब्जा दिलाना, ऑनलाईन रसीद, ईटखोरी के चोरकारी ग्रिड से जिले में विद्युत आपूर्ति, पांडेयपुरा में पुलिस पिकेट का निर्माण, जिले में संचालित प्रज्ञा केन्द्रों में डिजिटल सुविधा प्रदान करना के साथ-साथ अवैध खनन के रोकथाम पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान ने सभी विभागों को तत्परता के साथ आश्वासन समिति के मामलों को निष्पादन करने का निर्देश दिया और अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यों से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। बैठक में सभापति के साथ समिति के सदस्य सह लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम भी मौजूद थे। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास समेत अनेक विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उप स्वास्थ्य केंद में दवा की चोरी





**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर कुजू स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र, कुजू का चोरों ने बीती रात मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दवा व महंगे उपकरण सामग्री की चोरी कर ली। इस संबंध में आयुष सीएचओ दीपिका मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन मे दीपिका मेहता ने लिखा है कि मंगलवार को दस बजे केंद्र को खोलने के लिए पहुंची तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। वही, कमरे में रखे अलमीरा से होम्योपैथी बैनर, दवा व कई महंगे उपकरण साम्रगी गायब है। साथ ही, उप स्वास्थ्य केंद्र के बाथरूम के छह दरवाजे भी गायब है। इधर, कुजू पुलिस को आवेदन देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। वही, चोरी की सूचना सीएचओ द्वारा मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभार प्रभारी रश्मि सांगा को दी गयी। सूचना मिलने के बाद मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभार प्रभारी रश्मि सांगा समेत कई चिकित्सक उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां केंद्र में हुई चोरी की घटना की जानकारी लेते हुए कुजू पुलिस को सूचना दी।

## श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति बिजुलिया का विस्तार

**लगातार तीसरी बार अध्यक्ष अंकित सिंह और सचिव बने सौरव नारायण सिंह**

**कोषाध्यक्ष पद की तीसरी बार कमान संभालेंगे कुणाल गुप्ता**

**समिति के संरक्षक और सदस्यों ने नव चयनित पदाधिकारियों का किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति बिजुलिया की बैठक शिव हनुमान जलाराम मंदिर बिजुलिया के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता अमर सिंह एवं संचालन अजीत गुप्ता ने किया।



मौके पर पिछली बार की कमेटी के अच्छे कार्य को देखते हुए तीसरी बार सार्वजनिक छठ पूजा समिति बिजुलिया के अध्यक्ष अंकित सिंह, सचिव सौरभ नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष कुणाल गुप्ता को चुना गया। मौके पर अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे धूमधाम के साथ मनायेंगे।

**जिला प्रशासन के साथ मिलकर समिति रखेगी छठ वर्ती का ध्यान: सौरभ:** समिति के सचिव सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि बिजुलिया छठ तालाब में भारी भीड़ रहता है। इसे देखते हुए हमारी पूरी टीम मुस्तैदी से लगेगी और जिला प्रशासन का भी हर साल हम लोगों को सहयोग मिलता आ रहा है। विभिन्न समस्याओं को लेकर बहुत जल्द हम लोग रामगढ़ जिला प्रशासन, रामगढ़ पुलिस प्रशासन, छावनी परिषद रामगढ़, मत्स्य विभाग रामगढ़ से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करायेंगे। समिति के कोषाध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी बड़े घूम धाम से छठ महापर्व मनाने जा रहे हैं। इसको लेकर हमारी कमेटी छठव्रतियों के हर छठ व्रतियों को किसी तरह का परेशानियां न हो इसको लेकर कमेटी अभी से ही तैयारी में जुट गई है।

मौके पर मोके पर अमर सिंह, प्रदीप सिंह, अजित गुप्ता, महेंद्र पाल सिंह सैनी, रंजन फौजी रामनिवास शर्मा उर्फ छोटी, मनीष चोपड़ा, उज्जवल सिंह,मनोहर गुप्ता, संदीप सिंह उर्फ सोनू जसप्रीत सिंह उर्फ लिप्सी, शशि शर्मा, संदीप गोयल, अभिषेक शर्मा, रितिक गांधी अंकित कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## दिगवार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

कुजू(आजाद सिपाही)। कल्याणी हेल्थ सेंटर रामगढ़ ने पंचायत सचिवालय, दिगवार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ के चंद्रा की टीम ने दर्जनों लोगों का सीपीआर जांच की। साथ ही, बचाव के उचित परामर्श दिये। इस अवसर पर सेंटर के तपस्विनी कुंतीया, प्रणीत पंडा, मनीष सिंह, करण देव समेत मनोज गिरि, हरिनारायण कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, रामाशंकर महतो, दिवाकर गिरि, जगदीश महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, दशरथ महतो, खेमलाल महतो, मनोहर कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र राम, चंदन कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, धनु महतो, प्रीतम कुमार, उपेंद्र महतो, पवन यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कमता गांव में निकली प्रभात फेरी

**गोला (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निदेर्शानुसार क्षेत्र के कमती गांव के मुंडा टोली और पाठक टोला में प्रभात फेरी निकाली गयी। डालसा के पीएलवी बिरेंद्र कुमार पाठक ने उपस्थित लोगों को भ्रूण परीक्षण और भ्रूण हत्या कानूनन अपराध है। जांच करने वाले और कराने वाले दोनों अपराधी माने जाते है। दहेज प्रथा एक अभिशाप है। इसी के कारण भ्रूण हत्यायें होती है। इसे जागरूकता और शिक्षा के द्वारा रोका जा सकता हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं सरकार कि सराहनीय पहल है। वहीं बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण और संस्था के जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी दिया। मौके पर सवार्नंद पाठक, राहुल पाठक, लक्ष्मी पाठक, छोटू मुंडा, रूबी देवी, टेपिया देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# कास्ट सेंसस उपयोगी

केंद्रीय गृह मंत्री और सीनियर बीजेपी नेता अमित शाह ने एक चुनावी रैली में पिछले दिनों कहा कि असल में बीजेपी कास्ट सेंसस के उतना खिलाफ नहीं है। यह बयान चौंकाने वाला इसलिए है, क्योंकि बीजेपी की ही अगुआई वाली केंद्र सरकार एकाधिक मौकों पर साफ कर चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं है। ऐसे में अब जब अमित शाह अपनी पार्टी के स्टैंड पर अलग तरह की बात कह रहे हैं, तो स्वाभाविक ही उसे पार्टी को होने वाला चुनावी नुकसान कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भले ही चुनावी हितों के कारण हो, अगर बीजेपी अपना स्टैंड बदल रही है, तो इसका मतलब यह है कि घूम-फिर कर सभी पार्टियां कास्ट सेंसस के पक्ष में हो गयी हैं। इसी बात को मुद्दा बनाते हुए सवाल किया गया है कि क्या सभी दल इस तथ्य को नजरअंदाज कर देंगे कि जाति जनगणना से आखिरकार फायदों से ज्यादा नुकसान होने वाला है, लेकिन आखिर यह बात कैसे मान ली जाये कि जाति जनगणना फायदों से ज्यादा नुकसान करने वाली है? अगर ज्यादातर दल इस मुद्दे को कोटा मानसिकता से देख और समझ रहे हैं, तो यह देखने वाले की गलती हुई न कि मुद्दे की। जरूरत यह है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाये। इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता। इसे इस रूप में पेश करने वाली राजनीति किसी का भला नहीं करती। लेकिन जाति आज भी हमारे समाज की एक कड़वी सच्चाई है, जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। जाहिर है किसी भी तर्क से इस सच्चाई को छुपाने या इसे अंधेरे में रहने देने की वकालत करना सही नहीं होगा। अगर 2002 के बीपीएल सेंसस में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कुछ जाति संबंधी आंकड़े भी जुटाये जा चुके हैं, तो यह काफी नहीं। समाज के हालात समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जायेगा। जाहिर है, मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है, ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे। इसी वजह से हर 10 साल में होने वाले सेंसस में देरी का मुद्दा भी प्रासंगिक है। यह आखिरी बार साल 2011 में हुआ था। अब कहा जा रहा है कि यह जनगणना 2024 आम चुनाव के बाद ही हो पायेगी। सेंसस न होने की वजह से अभी कल्याणकारी योजनाएं 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही चलायी जा रही हैं, जिस पर एक्सपर्ट्स सवाल उठा चुके हैं। उसी तरह से आरक्षण से जुड़े कई सवालों का जवाब जाति जनगणना से मिलेगा, जिनसे आगे नीति-निर्माण में मदद मिलेगी।


**जरूरत यह है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाये। इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सबसे हालिया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2020 में हुआ था। दुर्भाग्य से इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी राजधानी पर घातक हमला हुआ और अमेरिका के इतिहास में पहला असफल तख्ता पलट हुआ। बीबीसी के अनुसार ऐसे संकेत हैं कि 2024 का चुनाव 2020 को दोहरायेगा जिसमें डोनाल्ड ट्रंप जो बाइडेन के खिलाफ लड़ेंगे, लेकिन उनकी संबंधित भूमिकाएं उलट जायेंगी।**

# अमेरिकी चुनाव 2024 : बाइडेन और ट्रंप दोनों में हैं खूबियां और खामियां

**कल्याणी शंकर**




**वर्तमान में 48 प्रतिशत अमेरिकी ट्रंप के प्रदर्शन को स्वीकार करते हैं। अमेरिकी सहयोगी इसराइल-हमास और यूक्रेन में संघर्ष पर कड़ी नजर रख रहे हैं। चीन, रूस और ईरान एक नयी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संस्करण तैयार कर रहे हैं।**

2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन बनाम उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा, जो महज एक साल दूर 5 नवंबर 2024 को होगा। समाचार एजेंसी रायटर्स का कहना है कि यह चुनाव किसी अन्य आधुनिक अमेरिकी चुनाव जैसे नहीं होंगे। वहीं न्यूयार्क टाइम्स ने कहा है कि जो बाइडेन और ट्रम्प बंधे हुए हैं। 1860 के बाद से यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण होगा, जब अब्राहिम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये थे।

सबसे हालिया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2020 में हुआ था। दुर्भाग्य से इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी राजधानी पर घातक हमला हुआ और अमेरिका के इतिहास में पहला असफल तख्ता पलट हुआ। बीबीसी के अनुसार ऐसे संकेत हैं कि 2024 का चुनाव 2020 को दोहरायेगा जिसमें डोनाल्ड ट्रंप जो बाइडेन के खिलाफ लड़ेंगे, लेकिन उनकी संबंधित भूमिकाएं उलट जायेंगी। 9 रिपब्लिकंस, 4 डेमोक्रेट्स और 2 स्वतंत्र उम्मीदवार 2024 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में हैं, लेकिन बाइडेन और ट्रंप अंततः अपनी-अपनी पार्टियों के उम्मीदवार हो सकते हैं, लेकिन चुनाव की तारीख 5 नवंबर 2024 से पहले आश्चर्य और उथल-पुथल से इंकार नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए 1979 में एक बंधक संकट के कारण राष्ट्रपति जिमी कार्टर को दोबारा चुनाव लड़ना पड़ा। 2020 में कोविड महामारी ने नकारात्मक भूमिका निभायी थी।

**वर्तमान में 48 प्रतिशत अमेरिकी ट्रंप के प्रदर्शन को स्वीकार करते हैं।**

संभावित चुनावी आश्चर्य में एक प्रमुख उम्मीदवार का पद छोड़ना, इसराइल-गाजा युद्ध के परिणामों को प्रभावित करना और यूक्रेन संघर्ष का बढ़ना शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रंप को अगले साल 4 परीक्षणों में 91 आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ेगा, जिसका अर्थ यह है कि उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। राजनीतिक दलों ने अभी तक अपने आधिकारिक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। अतीत में मौजूदा राष्ट्रपति को फिर से नामांकित किया गया है। यदि वह फिर से चुनाव लड़ना चुनते हैं, तो यह जानना दिलचस्प है कि जो देश युवाओं को महत्व देता है, उसे अपने 2 सबसे पुराने राष्ट्रपतियों में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है।

हालिया सर्वेक्षणों के मुताबिक ट्रंप अपने विरोधियों से काफी अंतर से आगे चल रहे हैं। हालांकि उनकी अपनी पार्टी के दक्षिणपंथी धड़े पर मजबूत पकड़ है। यदि वह रिपब्लिकन नामांकन दाखिल कर लेते हैं, तो उन्हें आम चुनाव में उदारवादी और स्वतंत्र मतदाताओं पर जीत हासिल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। डेमोक्रेटिक पक्ष में बाइडेन को 3 चुनौती देने वाले लोगों का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें राबर्ट एफ कैनेडी जूनियर भी शामिल हैं, जो स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ते हैं। कैनेडी की उम्मीदवारी किसी भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार की संभावनाएं खराब कर सकती है। अधिकांश लोगों में ट्रंप 2024 का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए पसंदीदा उम्मीदवार हैं।

बाइडेन और ट्रंप के बीच क्या अंतर हैं। बाइडेन वर्तमान राष्ट्रपति हैं और 2024 में ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ट्रंप को रिपब्लिकन उम्मीदवार के रूप में चुना जा सकता है, लेकिन अप्रैल से उन पर आरोप लगाये गये हैं। यह राष्ट्रपति बाइडेन के लिए अच्छी खबर है। अच्छी बात यह है कि मुद्रास्फीति कम हो गयी है, नौकरियों में वृद्धि स्थिर है और शेयर बाजार में तेजी से उछाल आया है। यदि वह निर्वाचित होते हैं, तो उन्होंने चीन के साथ व्यापार पर अधिक कठोर आव्रजन प्रतिबंध और सख्त सीमाएं लागू करने का वायदा किया है। इसके अतिरिक्त वह संभवतः उन लोगों से राजनीतिक बदला लेना चाहेंगे, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने उनके साथ अन्याय किया है। बाइडेन अमेरिका और विदेशों में बड़े पैमाने पर यात्रा करके आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेकर और दर्जनों धन संचयन में भाग लेकर अपना चुनावी अभियान चला रहे हैं। बाइडेन को अपनी पार्टी के भीतर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि केवल 66 प्रतिशत डेमोक्रेट्स विदेश नीति के उनके संचालन को स्वीकार करते हैं और 74 प्रतिशत अर्थव्यवस्था के उनके प्रबंधन का समर्थन करते हैं, जबकि डेमोक्रेट्स के बीच 81 प्रतिशत अनुमोदन है। युवा अश्वेत लोगों और लातीनी लोगों से समर्थन की कमी बाइडेन के लिए चिंता का कारण बन सकती है। राष्ट्रपति अर्थव्यवस्था को संभालने के अपने रिकार्ड और अमेरिका की आत्मा के लिए लड़ाई के आधार पर पुनः चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं।

बाइडेन के तहत बेरोजगारी, ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गयी है। जीडीपी उम्मीद से अधिक तेजी से बढ़ी और मजदूरी में वृद्धि हुई, लेकिन पिछले साल मुद्रास्फीति बढ़ गयी और मतदाता अभी भी भोजन, ईंधन, आवास और कारों जैसी आवश्यक चीजों की उच्च लागत के बारे में चिंतित हैं। ठीक एक साल दूर होने पर बाइडेन की रणनीति 2020 के विषयों को पुनर्जीवित करने की है, जोकि ट्रंप के साथ एक विरोधाभास है।

बाइडेन और ट्रंप के पास उजागर करने के लिए उपलब्धियां हैं, लेकिन 44 प्रतिशत अमेरिकियों का कहना है कि बाइडेन शासन के तहत उनकी आर्थिक स्थिति बदतर है। सीएनबीसी के सर्वेक्षण से पता चलता है कि बाइडेन की अनुमोदन रेटिंग केवल 37 प्रतिशत है, जबकि ट्रंप ने आमने-सामने की लड़ाई में 4 अंकों से हराया है।

वर्तमान में 48 प्रतिशत अमेरिकी ट्रंप के प्रदर्शन को स्वीकार करते हैं। अमेरिकी सहयोगी इसराइल-हमास और यूक्रेन में संघर्ष पर कड़ी नजर रख रहे हैं। चीन, रूस और ईरान एक नयी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संस्करण तैयार कर रहे हैं। हालांकि भविष्यवाणी करना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि बाइडेन और ट्रंप दोनों में खूबियां और खामियां हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# जियाडा की आवंटित जमीन पर ग्रामीणों ने किया विरोध, कुछ शर्तों पर मिला आश्वासन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** जियाडा के द्वारा आवंटित जमना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के जमीन पर ग्रामीणों संग चल रही विवाद कुछ शर्तों के साथ समाप्त हो गयी थी। मंगलवार को ग्रामीणों ने फिर से विरोध शुरू कर दिया। विरोध की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के आक्रोश को समझा- बुझाकर शांत कराते हुए वार्ता के लिए तैयार किया। आदित्यपुर पुलिस और मंत्री चंपई सोरेन के प्रतिनिधियों के समक्ष ग्रामीणों ने अपने शर्तें रखी। जमना ऑटो के अधिकारियों ने मौके पर मानते हुए खेल मैदान का समतलीकरण का काम शुरू करवा दिया। ग्रामीण 95 मीटर लंबा और 65 मीटर चौड़ा फुटबॉल मैदान व 20 फीट का रास्ता बनाने की शर्त रखी। कुछ समय तक विवाद के बाद जमना ऑटो लिमिटेड के अधिकारियों ने इसपर अपनी सहमति प्रदान करते हुए सीमांकन का काम शुरू करवा ली। इस अवसर पर भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी। कंपनी के एक्यूटिव डायरेक्ट एसपी सिंह कोहली ने बताया प्रबंधन की मंशा ग्रामीणों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर उनका सर्वांगीण विकास में सहभागी बनना है। हम शुरू से ही खेल के मैदान को विकसित करने के लिए तैयार थे। लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा 13.5 एकड़ जमीन हमे आयडा से आवंटित हुआ है। हमने ग्रामीणों की सुविधा के लिए करीब 1.50 एकड़ जमीन हमारी ओर से खेल मैदान के रूप में छोड़ा है। साथ ही उसे विकसित भी किया जायेगा। हमें खुशी होगी हम ग्रामीणों को सीएसआर के तहत सुविधा दे सकें। इसके अलावा जो भी सुविधायें होगी और भविष्य में ग्रामीणों को मुहैया कराई जायेगी। इस अवसर पर सीओ गिरेंद्र टूटी, दंडाधिकारी सत्येंद्र महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार, सब इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह, अविषेक कुमार, गम्हरिया थाना से पहुंचे सब इंस्पेक्टर भास्कर ठाकुर, जमना ऑटो के एक्जयूटिव डायरेक्टर एसपी सिंह कोहली, प्लांट हेड सुधीर चंदेल, झामुमो नेता रंजीत प्रधान, महेश्वर महतो, दीपक मंडल मौजूद रहे।

## विधायक के कार्य से प्रभावित होकर महिलाएं झामुमो में हुईं शामिल

# महिलाओ के जुड़ने से पार्टी संगठन को मिलेगी मजबूती: मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के पूर्वी घोड़ाबांधा स्थित दलखाम बस्ती में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सत्तागुरु दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने हर्ष उल्लास के साथ विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। विधायक ने पार्टी के नीति सिद्धांत के साथ महिलाओं को शामिल कराया। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता लेने के लिए सभी को बधाई और शुभकामनायें दी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पार्टी में महिलाओ की संख्या बढ़ने से मजबूती मिलेगी। उनके मार्गदर्शन से जुगसलाई विधानसभा में विकास का काम मिलकर तेजी से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में विकास कार्यों से झामुमो के प्रति लोगों का भरोसा और तेजी से बढ़ रही है। सदस्यता ग्रहण करने वाले महिलाओं में सुलेचना महतो, लक्ष्मी गोराई, मंजू गोराई, रेनू देवी, सुनीता लोहरा, अनीता लोहरा, अंजलि लोहरा, परी लोहरा, सुघन्दा कर्मकार, शोभा राजवाड़, अंजना राजवाड़, कविता राजवाड़, ललिता, अनु गोराई, सावित्री, मीरा गोराई, लक्ष्मी मुंडा, मालती गोराई, आशा गोराई सहित अन्य शामिल है। सभी महिलाएं झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताई। इस अवसर पर झामुमो के जयराम महतो, सुनील गोराई, लाल बाबू, रंजीत गोराई, रंजन गोराई, राजेश, सीबू दास, विनीत, रजत, विक्रम सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एटमॉस मेले का शुभारंभ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मे दो दिवसीय एटमॉस फेयर मेला का आयोजन किया गया। मंगलवार को मेला में मुख्य अथिति भरत सिंह, विशिष्ट अतिथि, विशिष्ठ अतिथि सिमुलडांगा +2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार, सम्मानित अथिति कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी और अन्य उपस्थित हुये। मौके पर कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में शामिल सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए भरत सिंह ने कहा इस मेले का आयोजन कॉलेज में कराने का उद्देश्य है स्कूली बच्चे भी कॉलेज के वातावरण को देख सकें। साथ ही अपने भविष्य का उद्देश्य तय कर सकें उन्हें आगे क्या करना है। इस मेले में 18 तरह के इवेंट हैं। मंगलवार को हैकाथान, सेफ चॉइस, मार्केट्क्षेत्रा, ब्रिजकृती, कांस्ट्रक्ट ए कॉन, ब्रेनको रंगकारी, ई गेम्स, बुल्स ऑन द रन, लॉग डी टैग, दी फिल्मीस्तान और बुधवार को स्पीड कबिंग, ट्रेजर हंट, कॉरपोरेट राडीस, मैकविलेज, लाईट कैमरा ऐक्शन ( ड्रामा ), यूफोरिया (बैटल ऑफ बैंड्स), और स्टेज शेकर्स का आयोजन किया जायेगा। मेले में सिमलडांगा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, देवघर मध्य विद्यालय, आर वी एस एकेडमी, महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर, डी बी एम एस स्कूल कदमा आदि स्कूलों एवं कॉलेज से लगभग 600 बच्चे शामिल हुए।

मौके पर कॉलेज प्रबंधन ने बृहत पैमाने पर तैयारी ताकि दुसरे जगहों से आये बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो सके।

# शहर के विसर्जन घाटों पर सुरक्षा की व्यवस्था करे जिला प्रशासन: अरुण सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हिन्दू पीठ जमशेदपुर के एक प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से मुलाकत की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान सभी विसर्जन घाटो की समुचित व्यवस्था करायें जाने के लिए एक मांगपत्र सौपा। हिन्दू पीठ जमशेदपुर के अध्यक्ष अरूण सिंह ने कहा जमशेदपुर लघु भारत का प्रतिबिंब है। यहाँ देशभर के विभिन्न राज्यों के लोग एक साथ निवास करते हैं। जमशेदपुर निवासी अपनी परंपरा, संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं को जीवंतता प्रदान करने हेतु साल भर में अनेको पर्व त्योहार मनाते हैं। सभी आयोजनों में जिला प्रशासन का सकारात्मक सहयोग भी सभी को निरंतर मिलता रहा है। उन्होंने कहा शहर में सार्वजनिक पुजा व त्योहारों का आयोजन होता रहा है। दुर्गा पूजा के साथ-साथ राम नवमी में भी जिला प्रशासन बड़ी तत्परता के साथ पूजा समितियों के बीच समन्वय बना कर पूजा के आयोजन से लेकर विसर्जन तक का कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में महती भूमिका का निर्वहन करती रही है। छठ एवं दुर्गा पूजा के साथ-साथ राम नवमी के दौरान भी विसर्जन घाटों को बेहतर बनाने के लिए घाट की सफाई, सुरक्षा, प्रकाश एवं किसी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु गोताखोरों की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन करती रही है।जमशेदपुर में लगभग आठ सार्वजनिक पूजाओं का आयोजन होता है। लेकिन सिर्फ तीन सार्वजनिक पूजाओं में ही घाट या विसर्जन घाट की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन करती है। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा काली पूजा, सरस्वती पूजा, गणेश पूजा, विश्वकर्मा पूजा और चित्रगुप्त पूजा में भी जिला प्रशासन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विसर्जन घाट की सफाई, घाट पर सुरक्षा, घाट पर प्रकाश और घाट पर गोताखोर व एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था की दिशा में सकारात्मक प्रयास करे।

### विकास विरोधी चाहे जितनी ताकत लगा लें

# अवरूद्ध नहीं होगा गढ़वा का विकास: मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा वासियों को मिला दिवाली का तोहफा, शहर में अब नहीं दिखेगा कच्ची सड़क**

**करीब चार करोड़ रुपए की लागत से शहर के 43 कच्ची सड़कों का होगा पक्कीकरण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



फोटो : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा शहरवासियों को दिवाली का बेहतर तोहफा मिला है। पूरे शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ 74 लाख 91 हजार 530 रुपए की लागत से 43 कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण किया जायेगा। नगर विकास और आवास विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा शहर का सर्वे कराने के बाद यह बात सामने आयी कि पूरे राज्य भर में गढ़वा ही एकमात्र ऐसा शहर हैं जहां सबसे अधिक कच्ची सड़कें मौजूद हैं। इस रिपोर्ट के सामने आते ही उन्होंने तत्काल शहर की सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का निर्णय लिया। इसके पहले चरण में पूर्व में 54 कच्ची सड़कों का पक्कीकरण की स्वीकृति प्रदान करायी गई थी, जिसका कार्य प्रारंभ है। अब 43 अन्य कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण कराने की स्वीकृति सरकार ने प्रदान कर दी है। मंत्री ने बताया कि गढ़वा में अब एक भी कच्ची सड़क देखने को नहीं मिलेगा। जहां नयी कॉलोनी बसी है या बस रही है सिर्फ उन्हीं क्षेत्रों में ही कच्ची सड़क बच गयी है। अगले चरण में उन सब का भी पक्का निर्माण कराया जायेगा। गढ़वा शहर अब पूरी तरह से कच्ची सड़क मुक्त हो गया है। यह गढ़वा वासियों के लिए दिवाली का अमूल्य तोहफा है। अब शहर में लगभग 160 कच्ची सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। विकास विरोधी लोग चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, उनके रहते गढ़वा का विकास कभी अवरूद्ध नहीं होगा। बल्कि विकास के पथ पर गढ़वा और तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र आज पूरी तरह से सभी क्षेत्रों में गढ़वा की तस्वीर बदल गयी है। गढ़वा वासियों ने परिवर्तन चाहा और 2019 में परिवर्तन कर भी दिया। अब लोगों के परिवर्तन की उम्मीद पूरी तरह से पूर्ण हो रही है। वे लगातार गढ़वा वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। यहां के लोगों का इसी तरह से प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा तो गढ़वा विकास की नई बुलंदी को छुयेगा।

## मंत्री ने किया गढ़वा का कायाकल्प : नितेश

**बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया सड़क का शिलान्यास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रंका प्रखंड के बहाहारा, मानपुर और दूधवल में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने सड़कों का शिलान्यास किया। श्री सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़ कर 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। जिले के प्रत्येक गांव में बेहतर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उनके प्रयास से जिले भर में सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सभी क्षेत्रों में काफी तेजी से बेहतर विकास कार्य हो रहा है। आज गढ़वा के जिस कोने में भी खड़ा हो जायें वहां हर ओर विकास की नई किरण झलक रही है। मौके आशीष गुप्ता, कार्तिक पाण्डेय, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह, मानपुर मुखिया हासिम अंसारी, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुलला अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

झारखण्ड सरकार — **शुद्धि पत्र** — झारखण्ड सरकार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल,कोडरमा द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई E-Tender Ref No-RCD/KODERMA/937/2023 दिनांक– 20/10/2023,PR No-309763(Road)23-24*D को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत डोमचाँच– ढोढ़ाकोला–सपही–फगुनी पथ के पुनर्निर्माण कार्य(कि0मी0 0.00 से 14.50 बिहार सीमा तक) का अवशेष कार्य वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 19,18,39,908.00(उन्नीस करोड़ अठारह लाख उनचालीस हजार नौ सौ आठ रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 19,19,000.00 (उन्नीस लाख उन्नीस हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01(एक) वर्ष। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 21.11.2023, 10:30 बजे तक। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 13.12.2023, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 15.12.2023, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 310923 Road(23-24)#D

## छात्र और छात्राओं के बीच खेल सामग्री वितरित



डंडा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक पुलिसिंग योजनांतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के द्वारा उच्च विद्यालय, किकरा, डंडा के छात्र और छात्राओं के बीच खेल सामग्री वितरित किये गये। जिसमें एक सेट बैट, बॉल, विकेट वॉलीबॉल,नेट के साथ, फुटबॉल, चेस, कैरमबोर्ड, बैडमिंटन सेट इत्यादि खेल सामग्रियों के साथ साथ करीब 300 बच्चों को बैग, कलम और कॉपी का वितरण किया गया। सभी बच्चों को ए एस आई शैलेंद्र सिंह, डंडा थाना के द्वारा व्यायाम कराया गया। मौके पर थाना प्रभारी डंडा के द्वारा बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में बताया गया। डंडा प्रखंड के भूतपूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, मुखिया रूपा देवी, मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी और सभी बच्चों के अभिभावक के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के प्राचार्य मुखलाल चौधरी और सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति की बैठक संपन्न

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख करुणा सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख ने सरकारी राशन गोदाम से राशन चोरी होने का मामला उठाया। कहा कि राशन की चोरी हो जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नही होना संदेह को उत्पन्न कर रहा। जबकि यह मामला आम चर्चा है। कहा कि 15वें वित के ब्लॉक कोडीनेटार के द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य किया जा रहा है। बैठक में बैंकिंग, बिजली, वन समिति, चिकित्सा आदि विभागों के अधिकारी, पदाधिकारी या प्रतिनिधि के अनुउपस्थिती से प्रमुख करुणा सोनी सहीत सभी सदस्यों ने नाराजगी जाहीर करते हुए नियमाकूल कार्रवाई की मांग किया है। साथ ही घरके उपर से गुजरें हाई टेंसन तार को हटाने की मांग को प्रमुखता से रखा।

## अतिक्रमण कर बनाये गये कच्चा मकान पर बुलडोजर चलवा कर किया ध्वस्त



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह दंडाधिकारी हीरक मन्ना केरकेटा ने पुलिस बल के साथ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये कच्चा मकान पर बुलडोजर चलवाकर किया ध्वस्त। जानकारी के अनुसार प्रखंड के सारो गांव निवासी मुबारक अंसारी ने अनावाद सर्व साधारण झारखंड सरकार खाता 220 पलौट 215 की भूमि पर कच्चा मकान बना कर अतिक्रमण किया हुआ था। जिसको लेकर विशुनपुरा अंचलाधिकारी निधि रजवार ने अतिक्रमण को मुक्त कराने के लिए बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार कर अवगत कराया था। बताया गया कि इसके पूर्व में भी मुबारक अंसारी को अतिक्रमण हटाने लिए अंचल अमीन के द्वारा उक्त भूमि सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी दिया गया था। लेकिन अतिक्रमण नही हटाया गया। निर्देश के आलोक में उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा दल बल के साथ मौजूद थे। वही शांति व्यवस्था को लेकर जिला मुख्यालय से भी अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगाये गये थे।

## मारपीट में युवती घायल, चल रहा इलाज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सहिजना निवासी लक्ष्मण राम की पुत्री सोनी कुमारी मंगलवार को मारपीट में घायल हो गयी। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में सोनी कुमारी की मां फुलझरिया देवी ने बताया कि उसके घर के दरवाजे पर उसकी गोतनी की बेटी हेमंती कुमारी पिता स्व.सोहराई राम ने अपने घर का कचरा फेंक दिया था। इसे लेकर सोनी कुमारी और हेमंती कुमारी के बीच नोंकझोंक हो गयी। इसके कुछ देर बाद हेमंती कुमारी, उसकी मां देवंती देवी पति सोहराई राम, भाई सतन राम व अरूण राम एवं भाभी रानी देवी व पूजा देवी ने सोनी कुमारी के घर में जाकर मारपीट कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। इस घटना को लेकर घायल सोनी कुमारी ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चार करोड़ की लागत से बन रही सड़क में भारी अनियमितता



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग से चार करोड़ की लागत से बन रहे सड़क भारी अनियमितता के साथ निर्माण कार्य जारी है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। गौरतलब है कि प्रखंड अंतर्गत मकरी गांव से चैनपुर होते उत्तरप्रदेश सीमा तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा तीन करोड़ चौरासी लाख रुपए की लागत से चार किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है मगर इसके ठेकेदार सुभ कंट्रक्शन के द्वारा ` प्राक्कलन के विपरीत लगातार निर्माण कार्य जारी है इसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा कभी मकरी गांव में तो कभी चैनपुर गांव में भारी विरोध किया जा रहा है।

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़**

**रोजगार मेला दिनांक 09 नवम्बर 2023**

**सूचना**

राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा "दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार योजना" के तहत रोजगार मेला – 2023 का आयोजन 09.11.2023 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक स्थानीय छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ़ (झारखण्ड) में किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में निम्नलिखित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियाँ निम्नलिखित है:–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Videntur Executors Pvt. Ltd. (2050 Heathcare), VIP Road, Bhadrak, Odhisha | Caregivers (Homecare) | 160 | General Duty Attenuates (GDA)/Bedside Caregivers (BCGs)/Beside Attendants/ Frontline Heath Workers/ Covid Warriors/etc | 18-40 Years | | 100 (Bhubaneshsar) 20 (Patna) 20 (Ranchi) 20 (Kolkatta) |
| 2. | Jan Jyti Educational & Charitable Trust, Ramgarh | Project Manager (Skill Development Program) | 01 | Graduation/MBA | 20-40 Years | Negotiable | Ramgarh/ Dumka |
| | | Placement Manager | 02 | Graduation/MBA | 20-40 Years | | |
| | | Operation Manager (Skill Development Program) | 01 | Graduation/MBA | 20-40 Years | | |
| | | Business Development Manager (Apparel Sector) | 01 | Graduation/MBA | 20-40 Years | | |
| | | Marketing Manager (M/F) | 10 | 10th /12th Pass | 20-35 Years | | |
| | | Silai Trainer | 04 | 12th Pass/Graduation | 20-35 Years | | |
| | | Computer Teacher (M/F) | 04 | 12th Pass /BCA/DCA/ADCA/Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| | | MIS/Computer Operator | 02 | 12th Pass/ BCA/DCA/ADCA/ Good Computer Skill | 20-35 Years | | |
| 3. | Spandana Sphoorty Financial Ltd., Ramgarh | Trainee Credit Assistant | 10 | 12th Pass/ITI/Diploma | 19-28 Years | 12000/- | Ramgarh |
| 4. | Bagaria Groups (Bagaria Brothers/Bagaria Furnishing & Art Jewellery/Bagaria Saree/Bagaria Garments) | Salesman | 04 | 12th Pass | 18-35 Years | 9600-10200/- | Ramgarh |
| 5. | Nistha Skill, Kujju, Ramgarh | MIS | 02 | B. Tech/Any Computer Experiences | 18-35 Years | 15000-25000 | Ramgarh |
| | | Trainer | 07 | 10th/12th /Graduation | 22-33 Years | 9000-25000 | |
| | | Placement Executive | 01 | Graduation | 21-45 Years | 13000-26000 | |
| | | Guard Female | 02 | 10th/12th Pass | 18-40 Years | 8000-15000 | |
| | | Guard Male | 02 | 10th/12th Pass | 18-40 Years | 8000-15000 | |
| | | Warden | 01 | 10th /12th Pass | 18-45 Years | 8000-15000 | |
| 6. | Edique Solution Pvt. Ltd., Ratu Road, Ranchi | ICT Instructor | 10 | M. Tech/B. Tech/BCA/MCA/B.Sc – IT/M.Sc – IT/PGDCA | 18-40 Years | 10000/- | Ranchi |
| 7. | Hindustan Securities & Allied Services, Ranchi | Security Guard | 50 | 10th Pass | 20-40 Years | 8000-10000/- | Ranchi |
| | | Housekeeping | 10 | 10th Pass | 20-40 Years | 8000-10000/- | |
| 8. | SIS Ltd. Dhanbad | Security Guard | 200 | 10th Pass | 21-36 Years | Minimum Wages as per State Govt. Norms | All Over India |
| | | Security Supervisor | 50 | 12th Pass | 21-36 Years | | |
| 9. | Neha Associates, Gurugram (Haryana) | Assembly Operator | 100 | 10th /12th /ITI/Diploma/ Graduation | 18-35 Years | 18850/- | Karnataka |
| 10. | Millennium Skill (G4S), Delhi NCR | Security Guard | 100 | 10th Pass (Height 5.3 - Male/ 5.1 –Female) | 18-40 Years | 14000-21000/- | All Over India |
| | | Security Supervisor | 10 | Graduation | 18-40 Years | 14000-21000/- | |
| 11. | Freedom Employability Ltd. Academy, Vasant Vihar, New Delhi | Facilitators | 25 | Graduation | 18 Years Above | 12000/- | Rural Ramgarh |
| 12. | Career Bridge (CBS Solutions) | Trainee | 50 | 5th Pass/10th Pass | 18-40 Years | 10000/- | Kutch, Gujarat |
| | | Machine Operator | 10 | ITI (Fitter/Turner/Motor Mechanic/Electrician) | 18-40 Years | 15000/- | |
| 13. | Fourthgen Lifestyle Pvt. Ltd. (Tanisque) Ramgarh | GM | 01 | Post Graduate (Must have Jewelers Exp.) | 35-45 Years | Negotiable | Ramgarh |
| | | Store Manager | 02 | Post Graduate | 26-35 Years | Upto 40000/- | |
| | | Asst. Manager | 02 | Graduation | 26-32 Years | Upto 30000/- | |
| | | Sales Officer | 10 | 12th Pass | 20-28 Years | Upto 15000/- | |
| 14. | Gramin Siksha Avam Prasikshan Foundation, Ahmedabad, Gujrat | Machine Operator | 100 | 10th /12th /ITI | 18-35 Years | 15000/- | Ahmedabad, Gujrat |
| | | Quality Inspects | 50 | Diploma | 18-35 Years | 16000/- | |
| | | Assembly Line Operator | 100 | 10th /12th /ITI | 18-35 Years | 14000/- | |
| 15. | Arosoft Healthcare Pvt. Ltd., Chittarpur, Ramgarh | MIS | 02 | BCA | 18-35 Year | 10000-20000 | Ramgarh |
| | | Mobilizer | 04 | 10th/12th Pass | 18-35 Year | 10000-20000 | |
| | | GDA Trainer | 01 | GNM/B. Sc Nursing | 18-35 Year | 1500025000 | |
| | | Receptionist | 01 | Graduation | 18-35 Year | 8000-15000 | |
| | | ST Trainer | 01 | Graduation with TOT certificate | 18-35 Year | 10000-20000 | |
| | | DDEO Trainer | 01 | Diploma/B. Tech with TOT Certificate | 18-35 Year | 10000-20000 | |
| 16. | LIC of India, Ramgarh | Normal Agency | 50 | 12th Pass/Graduation | 18-65 Years | Commission Based | Ramgarh |
| | | Career Agency | 25 | 12th Pass/Graduation | 18-35 Years | 5000/- + Commission | |
| 17. | Radha Gobind Shiksha Swasthya Trust, Ramgarh | GDA Trainer | 04 | GNM/B.Sc Nursing with TOT Certificate | 20-40 Year | Depend on Interview & Experience | Ramgarh |
| | | DDEO Trainer | 04 | Diploma/B.Tech with TOT Certificate | 20-35 Year | | |
| | | Placement Coordinator | 02 | Graduation | 21-45 Years | | |
| | | Mobilizer | 08 | 10th/12th Pass | 18-35 Year | | |
| 18 | R.C. Rungra Groups, 1. Jharkhand Ispat Pvt. Ltd., Ramgarh | Shif Incharge [Operations-(Power Plant/Process(DRI)] | 04 | B. Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 26-35 Years (06-12 Years Exp.) | 24000-40000/- | Ramgarh |
| | | AFBC DCS Engineer | 02 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 22000-32000/- | |
| | | WHRB DCS Engineer | 02 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 16000-22000/- | |
| | | Turbine DCS Engineer | 02 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 20000-26000/- | |
| | | Turbine Field Operator | 02 | Diploma in Mechanical Engg./Gradate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 15000-22000/- | |
| | | Boiler Field 1st Class | 02 | 1st Class Boiler Certificate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 20000-30000/- | |
| | | Boiler Field 2nd Class | 03 | 2nd Class Boiler Certificate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 18000 28000/- | Ramgarh |
| | | CHP Incharge | 01 | Graduate | 30-45 Years (10-15 Year Exp.) | 25000-35000/- | |
| | | CHP/ASH/Hydra/PC/JCB /P Loader/Weigh Bridge/WTP/Pump etc. | 15 | Upto Graduate | 30-45 Years (05-15 Year) | 12000-28000/- | |
| | | Instrumentation Shift Incharge | 02 | B.Tech/Diploma in E&I | 22-35 Years (04-12 Year) | 18000-28000/- | |
| | | Shift Technician (E&I) | 02 | ITI Elect. | 24-40 Years (05-15 Year Exp.) | 11000-32000/- | |
| | | Electrical Incharge | 01 | B.Tech/Diploma in Electrical | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 40000-60000/- | |
| | | Shift Engineer (Electrical) | 02 | B.Tech/Diploma in Electrical | 24-40 Years (04-10 Years Exp.) | 14000-35000/- | |
| | | Electrical Technicians | 05 | ITI | 24-40 Years (04-10 Year Exp.) | 11000-20000/- | |
| | | Mechanical Incharge | 01 | B.Tech/Diploma in Mechanical | 24-40 Years (05-2 Year exp.) | 20000-50000/- | |
| | | Mechanical Engineer | 03 | B.Tech/Diploma in Mechanical | 24-35 Years (04-10 Year) | 15000-40000/- | |
| | | Fitter | 05 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 14000-28000/- | |
| | | Mechanical Welder | 05 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 14000-24000/- | |
| | | Supervisor | 05 | Graduate | 22-35 Years (04-10 Year Exp.) | 13000-25000/- | |
| | 2. Maa Chhinnmastika cement & Ispat Pvt. Ltd. | Shif Incharge [Operations-(Power Plant/Process(DRI)] | 04 | B. Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 26-35 Years (06-12 Years Exp.) | 24000-40000/- | |
| | | AFBC DCS Engineer | 04 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 22000-32000/- | |
| | | WHRB DCS Engineer | 04 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 16000-22000/- | |
| | | Turbine DCS Engineer | 04 | B.Tech/Diploma in Mechanical Engg. | 24-35 Years 04-05 Years Exp.) | 20000-26000/- | |
| | | Turbine Field Operator | 04 | Diploma in Mechanical Engg./Gradate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 15000-22000/- | |
| | | Boiler Field 1st Class | 03 | 1st Class Boiler Certificate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 20000-30000/- | |
| | | Boiler Field 2nd Class | 04 | 2nd Class Boiler Certificate | 24-35 Years (04-08 Year Exp.) | 18000-28000/- | |
| | | CHP Incharge | 01 | Graduate | 30-45 Years (10-15 Year Exp.) | 25000-35000/- | |
| | | CHP/ASH/Hydra/PC/JCB /Poader/Weigh Bridge/WTP/Pump etc. | 20 | Upto Graduate | 30-45 Years (05-15 Year) | 12000-28000/- | |
| | | Instrumentation Shift Incharge | 04 | B.Tech/Diploma in E&I | 22-35 Years (04-12 Year) | 18000-28000/- | |
| | | Shift Technician (E&I) | 04 | ITI Elect. | 24-40 Years (05-15 Year Exp.) | 11000-32000/- | |
| | | Electrical Incharge | 01 | B.Tech/Diploma in Electrical | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 40000-60000/- | Ramgarh |
| | | Shift Engineer (Electrical) | 06 | B.Tech/Diploma in Electrical | 24-40 Years (04-10 Years Exp.) | 14000-35000/- | |
| | | Electrical Technicians | 07 | ITI | 24-40 Years (04-10 Year Exp.) | 11000-20000/- | |
| | | Mechanical Incharge | 01 | B.Tech/Diploma in Mechanical | 24-40 Years (05-2 Yearexp.) | 20000-50000/- | |
| | | Mechanical Engineer | 06 | B.Tech/Diploma in Mechanical | 24-35 Years (04-10 Year) | 15000-40000/- | |
| | | Fitter | 10 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 14000-28000/- | |
| | | Mechanical Welder | 05 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 14000-24000/- | |
| | | Supervisor | 08 | Graduate | 22-35 Years (04-10 Year Exp.) | 13000-25000/- | |
| | 3. Aloke Steels Industries Pvt. Ltd. | Shif Incharge – Process (DRI) | 19 | Graduate/B. Tech/Diploma in Mechanical/Electrical Engg. | 26-35 Years (06-12 Years Exp.) | 14000-55000/- | |
| | | Hydra/PC/JCB/P Loader/Weigh Bridge/WTP/LMV Driver etc. | 08 | Upto Graduate | 25-45 Years (05-15 Year) | 12000-28000/- | |
| | | Electrician | 05 | ITI | 24-40 Years (04-10 Year Exp.) | 11000-26000/- | Ramgarh |
| | | Fitter | 06 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 11000-26000/- | |
| | | Welder | 07 | ITI | 24-40 Years (04-15 Year Exp.) | 11000-26000/- | |
| | | Supervisor/Assistant | 07 | Graduate | 22-35 Years (04-10 Year Exp.) | 10000-25000/- | |
| 19. | Sanmat, Ranchi | Food Delivery Boy/Guest Alight Associate | 100 | 10th Pass or Above | 18-29 Years | Minimum Wages as per State Govt. Norms | |

रोजगार मेले में जिला नियोजनालय, रामगढ़ की भूमिका मात्र सुविधा प्रदाता के रुप में होगी। संबंधित प्रतिष्ठानों के द्वारा चयन हेतु आयोजित जॉच/साक्षात्कार की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु प्रार्थी का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। अतः मेला में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को सलाह दी जाती है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बायोडाटा, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें।

ह0/– जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़

PR.NO.310876 Labour Employment and Traning((23-24):D

## एसडीओ से मिले बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ने जिले के नवनियुक्त अनुमण्डल पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात किया। वही औपचारिक मुलाकात के क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष असलम अंसारी ने एसडीओ अमित कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और क्षेत्र के विकास तथा शांति व्यवस्था के बारे चर्चा किया। वही एसडीओ श्री कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि सभी क्षेत्र में शांति बहाल करना उद्देश्य है।

## टपकन विधि से खेती के लिए प्रेरित किया



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड मुख्यालय पंचायत भवन में मंगलवार को झारखंड राज्य जलछाजन मिशन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र लोहरदगा के प्रशिक्षक राकेश कुमार रंजन ने उपस्थित लोगों को कम पानी मे अधिक मात्रा में खेती करने को टपकन विधि पर जोर देते हुए इसे अधिक से अधिक किसानों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वही टपकन विधि से होने वाली लाभ को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। मौके पर जलछाजन समिति कैरो के अध्यक्ष तिला उरांव, क्षेत्री समन्वयक अनिता साहू, तकनीकी कार्यकर्ता बिसंबर साहू और किसान शुशीला उरांव, प्रवीण साहू, आलोमनी देवी, जयंती देवी आदि उपस्थित थे।

# चंदवा चौकीदार सादिक की गोली मारकर हत्या

**हत्यारों ने चौकीदार की कनपटी में दो गोली मारी, मौके पर ही हुई मौत**

**अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर दी पुलिस को चुनौती**





मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा घटना के क्रम में बताया जा रहा है की ,चंदवा थाना के चौकीदार सादिक अंसारी ने अपने मोटर साइकल से मालहन पंचायत किसी काम से गया हुआ था। लौटने के क्रम में घात लगाए अपराधियों ने सादिक को लक्ष्य कर गोली मारी जहां घटना स्थल पर ही इसकी मौत हो गयी। जहां चंदवा के समाजसेवी और राजनीति से जुड़े एक नेता ने सड़क पर घायल अवस्था में पड़े हुए एक व्यक्ति को देख रुक गया, देखा तो चौकीदार सादिक को पहचाना, तब आनन फानन में तिनपहिया वाहन रुकवाकर अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया। चंदवा पुलिस हॉस्पिटल आकर मामले को जानने का प्रयास करते देखा गया। सादिक की पत्नी और पुत्र का हॉस्पिटल में रो-रो कर बुरा हाल है। अपराधियों ने चंदवा पुलिस घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे दी है, इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली व प्रतीक्षा पर सवाल खड़े करता है, जब थाना के लोग सुरक्षित नही है तो जनता को क्या सुरक्षा देगी। जनता में वर्तमान चंदवा पुलिस का इमेज बेहतर नहीं है। चौकीदार सादिक अंसारी के परिजन इंदिरा गांधी चौक को जाम कर दिया है और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार और मुआवजे के साथ-साथ एक परिवार को नौकरी की मांग कर रहे हैं। इधर घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं और यह कह रहे हैं कि यह पूरी तरह प्लानिंग करके यह घटना को अंजाम दिया गया है।

## लोगों को मतदान और मतदाता सूची में जुड़ने के लिए जागरूक करें

भंडरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बीएलओ के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में सभी बीएलओ को पूर्व किये गये मतगणना सर्वेक्षण के संदर्भ में पूरी जानकारी ली गयी। साथ ही उन्हें निर्देश दिया कि जल्द से जल्द छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ते हुए निरीक्षण कार्य पूरा करें। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रखंड भर के सभी बूथ स्तर पर एक पाठशाला का आयोजन कर लोगों को मतदान और मतदाता सूची में जुड़ने के लिए जागरूक करें। ताकि लोगों का शत प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जुड़ सकें और सभी मतदान कर सके। साथ ही सभी बीएलओ को मतदान जागरूकता किट देकर सभी चौक चौराहों पर कीट लगाकर लोगों को जागरूक करने की भी बात कही गयी। बैठक में बीपीआरओ, सुपरवाइज़र, आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ समेत कई लोग उपस्थित थे।

## नियोजनालय में 11 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग झारखंड अंतर्गत जिला नियोजनालय लोहरदगा द्वारा दिनांक 11.11.2023 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10.30 बजे से रोजगार मेला का आयोजन जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में किया जायेगा। इस रोजगार मेला में इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रालि लोहरदगा, रक्षा सिक्योरिटी सर्विसेज लिमिटेड आंध्र प्रदेश, शिवमंगल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन खूंटी, आमधानी प्रालि दिल्ली, बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस लोहरदगा, एलआईसी लोहरदगा, मिलेनियम स्किल एनसीआर दिल्ली, निपन मल्टीसर्विसेज, ग्रामीण शिक्षा एवं प्रशिक्षण फाउंडेशन गुजरात और रांची सिक्युरिटीज प्रा0लि0 को कुल 1930 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु नियोजक कंपनी के रूप में आमंत्रित किया गया है। शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास/इंटरमीडिएट पास/आईटीआई पास/स्नातक आदि है। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए विभिन्न पदों में उम्र सीमा 18-40 वर्ष है। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.»»fcs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो-04 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। अतः साक्षात्कार, रिक्ति और सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता के साथ 10 सदस्यीय टीम देवघर रवाना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 23वी झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता और 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता दिनांक 8 से 10 नवंबर को देवघर स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स, कुमैठा में झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राज्य भर के विभिन्न जिलों से लगभग 500 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें लोहरदगा जिले से १० खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना खेल प्रदर्शन करेंगे। लोहरदगा के खिलाड़ियों में ४ पुरुष वर्ग में और ६ महिला वर्ग में खिलाड़ी शामिल है। लोहरदगा टीम के मैनेजर सपना कुमारी कोच में देवाल कुमार होंगे। सभी खिलाड़ी लोहरदगा रेलवे स्टेशन से प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हुए। जिसमें लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अजय कुमार महतो एवं जिला टेक्निकल डायरेक्टर पारस कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश महतो, कोषाध्यक्ष अभय महतो, संघ के सदस्य उपस्थित थे। खिलाड़ियों को हौसला देते हुए जीत कर आने का शुभकामनाएं दिए।

# नेशनल एथलेटिक्स में इंटर कॉलेज की अल्पना शैली उरांव ने जीता स्वर्ण पदक

**विद्या भारती के 34वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स बेतिया में बिहार झारखंड का कर रही थी प्रतिनिधित्व, एसजीएफआई के लिए चयनित**

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में बेतिया बिहार में आयोजित 34वां राष्ट्रीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह 2023 के अंतर्गत तरुण वर्ग के भाला फेंक में उत्तर पूर्व क्षेत्र (बिहार और झारखंड) का प्रतिनिधित्व करते हुए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा की कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही वह एसजीएफआई के लिए क्वालीफाई कर ली है। भाला फेंक प्रतियोगिता में उसका मुकाबला देश भर के 11 क्षेत्र के 10 एथलीट् छात्राओं से था। अल्पना ने 23.67 मीटर दूर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उसकी सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, खेलकूद के क्षेत्रीय सह प्रमुख सुरेश मंडल, प्रांत संचालक सच्चिदानंद लाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल और रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

## चार दिवसीय श्री हरिनाम रस अमृत महोत्सव रामपुर में 25 से 28 नवंबर तक



लोहरदगा। आगामी 25 से 28 नवंबर को रामपुर गांव के प्राचीन शिव मंदिर और दुर्गा मंडप के प्रांगण में चार दिवसीय श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव 2023 के आयोजन के निमित्त ध्वजारोपण का विधिवत कार्यक्रम किया गया। यह हरि नाम रस अमृत महोत्सव कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी से प्रारंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा रास पूर्णिमा देव दीपावली के दिन भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 25 नवंबर 2023 को 1101 महिलाओं के द्वारा शंख और कोयल नदी के संगम पर स्थित प्राचीन उमानाथ मंदिर भक्सो से प्रारंभ होकर रामपुर गांव के आयोजन स्थल तक कलश यात्रा संपन्न होगी और इसी दिन पंचांग पूजन और विधि प्रवेश कर कलयुग के महामंत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का अनवरत 72 घंटे तक स्थानीय और अन्य जिलों के कीर्तन मंडलियों के द्वारा किया जायेगा। इस अनुष्ठान का समापन 28 नवंबर 2023 को हवन और पूणार्हुति के साथ भव्य भंडारे के रूप में किया जायेगा। इस कार्यक्रम के लिए रामपुर बाघा खखपरता ऐने इरगांव मुंदो अरकोसा भटखिजरी मनहो आदि गांव में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अनुष्ठान में पुरोहित विभाकर पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से मुख्य यजमान कृष्णा चौधरी, किरण देवी, शंभू सिंह, अलका सिंह, प्रदीप साहू आदि ने यजमान के रूप में पूजा अनुष्ठान संपन्न किया।

## रेलवे लाइन में बरामद शव के हत्या प्रकरण में पुलिस ने किया उद्भेदन, मामले में चार गिरफ्तार



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के उकामांड रेलवे ट्रैक में बीते 1 नवंबर को बरामद शव की पहचान करते हुए पुलिस ने इस हत्या प्रकरण मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रेलवे ट्रैक से अज्ञात शव बरामद किया गया, बरामद शव को पोस्टमार्ट कराने हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया। जिसके उपरांत मृतक सुखदेव सिंह पुत्र बबलु सिंह उक्त सिर कटा शव को अपने पिता के रुप में पहचान किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड में शीघ्र उद्भभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिल्लु लोहरा गठन कर मामले का उद्बेदन किया गया। मामले में चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसमें नितेश खुलको, मतियस उरांव, विनेश्वर सिंह, शिवराज सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक सुखदेव सिंह उम्र 60 वर्ष नितेश खालको और बिनेश्वर सिंह के घर जाकर उसकी मां को छेड़छाड़ करता था। यही नहीं कुछ दोनो पूर्व बिनेश्वर सिंह के पिता के मरने के बाद मृतक सुखदेव सिंह बिनेश्वर सिंह की मां को रखैल बना कर शादी करना चाहता था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने मृतक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उसके शव और हाथ को दूसरे जगह जबकि शरीर के पूरा भाग को रेलवे ट्रैक में फेंक दिया था।

## जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंचलवार और थानावार अवैध बालू उठाव/परिवहन, बॉक्साईट खनन/परिवहन, पत्थर का खनन/परिवहन, कोयला का अवैध परिवहन से संबंधित पृच्छा की गयी। इसमें अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा उक्त संबंध में की गई छापेमारी, एफआईआर, दण्ड आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को औचक निरीक्षण की संख्या बढ़ाने, बालू के साथ-साथ बॉक्साईट/कोयला/पत्थर के अवैध खनन व परिवहन की जांच करने का निदेश दिया गया। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चेकनाका में जांच करने का निदेश दिया गया। जिन अंचलों की उपलब्धि शून्य है, वैसे अंचल अधिकारियों व थाना को छापेमारी की संख्या व की गयी कार्रवाई की संख्या में सुधार लाने का निदेश दिया गया। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर के दुष्कर्म के प्रयास के मामले पर परिजनों ने थाने में दिया आवेदन



मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर के द्वारा एक आदिवासी नाबालिक युवक से दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में पीड़ित के परिवार वालों के द्वारा मनिका थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं उसके परिजनों ने बताया कि बीते दिन पूर्व आरोपी मैनेजर के द्वारा नाबालिक युवक के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था हंगामा होने के बाद पुलिस के द्वारा आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन पीड़ित परिवार वालों से आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हुई थी। वहीं दिन मंगलवार को पीड़ित परिवार के पिता और परिवार के लोगों के द्वारा मनिका थाना में आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा की पीड़ित लोगों के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मौके पर माले नेता धनेश्वर सिंह, अजय यादव, मुखिया पति सुरेश सिंह, सुदेश्वर सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छठ महापर्व धूमधाम से मनाये जाने को लेकर बैठक

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाने को लेकर आज हिंद भारतीय क्लब द्वारा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में एक बैठक की गयी। जिसमें छठ घाट के साफ सफाई सड़कों की सफाई साउंड लाइट की व्यवस्था को लेकर विचार में किया गया। ताकि छठ पर्व में, छठ व्रतियों को किसी तरह का असुविधा न हो। छठ घाट की पूरी साफ सफाई की व्यवस्था की जायेगी। जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ घाट में करीब 40 वर्ष पूर्व से ही छठ पर्व होते आ रहे हैं जिसमें छठ ब्रती के अलावा तीन हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# कुम्हार प्रजापति समिति ने डीसी, एसपी समेत अन्य को भेंट किये दीये, ग्वालिन व खिलौने

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को कुम्हार द्वारा निर्मित दीपक ग्वालिन मिट्टी से बने हुए खिलौने को भेंट कर दीपावली की शुभकामना दी। उपायुक्त से संरक्षक विनोद प्रजापति के द्वारा शहरी क्षेत्र पर कुम्हार समाज को मुख्य बाजार के आसपास दुकान मुहैया कराने की मांग की। डीसी ने आश्वासन दिया है कि निश्चित रूप से इस समाज को दुकान मुहैया कराया जायेगा। इधर समिति के लोगो ने जिले के पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, डीएसपी, डीएसओ, डीएमओ, विशेष पदाधिकारी नगर परिषद, सिटी मैनेजर समेत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन के मुखिया, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि को मिट्टी के दीपक, खिलौने आदि देकर सम्मानित किया। उनसे बैठकर माटी कला बोर्ड को यथाशीघ्र कैबिनेट में लाकर बहाल करने की मांग की। वही लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में कुम्हार को इलेक्ट्रॉनिक चाक मुहैया कराने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने जिले के सभी सनातनियों से और अन्य वर्गों से भी अपील करती है कि चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करें और मिट्टी से बने हुए दीये का अधिक से अधिक उपयोग करें और खिलौने को कुम्हार से खरीदे। जिससे उनका मनोबल बढ़ेगी और लोकल स्तर पर बाजार में सुधार भी आयेगी।

## केंद्रीय प्रभारी के आगमन को लेकर डीसी ने की बैठक



लोहरदगा। 10 नवंबर 2023 को आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी केके सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार के आगमन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अवार्ड मनी अंतर्गत डेयरी प्लांट की स्थिति, ई-लाईब्रेरी की स्थिति, दीदी कैफे का संचालन, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, फैशन डिजाईनिंग स्किल प्रशिक्षण, 50 बेडेड आवासीय विद्यालय, कल्याण विभागीय विद्यालय में सौरचालित पेयजल, सोलर लाईट की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गयी।

## अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी

कैरो / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विद्युत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार को थाना क्षेत्र के कैरो पंचायत के कैरो व नयाटोली गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गयी। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले 1 कन्हैया प्रसाद सोनी पिता मथुरा प्रसाद सोनी, 2 कबीर खान पिता चमा खान 3 सबीर खान पिता चमा खान 4 रोजनी खातून पति कबीर खान 5 दमना खातून पति शरीफ खान 6 बुधु महली व सोमरा महली पिता डूसू महली 8 अताउल्लाह पिता शमशेर अंसारी कुल 8 लोगों के बिरुद्ध धारा 135,137 के तहत मामला दर्ज कराने की बात कही।इस मौके पर जौहर अंसारी, सुनील कुमार सहित कैरो पीएसएस में कार्यरत लोग मौजूद थे।

# जतरा आदिवासी समाज की रीति रिवाज और परंपरा को दर्शाता है : देवेंद्र तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता




सेन्हा-लोहरदगा। पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सुदुर्वती ग्राम सिंदूर में 12 पड़हा द्वारा जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में क्षेत्र से लगभग 20 खोड़हा दल आदिवासी परिधान में ढोल नगाड़ा वाद्ययंत्र के साथ शामिल हुआ। वहीं जतरा में गांव के पाहन पूजार द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर जतरा का शुभारंभ किया गया।

जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में बिशुनपुर विधासभा के विधायक का निजी सचिव देवेंद्र तिर्की, सेन्हा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव तथा राजमुनी उराँव के अलावे गणमान्य लोगों को मनोनीत किया गया। जतरा के दौरान मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा बहुमूल्य समय प्रदान कर आयोजित जतरा का शोभा बढ़ाया गया। विदित हो कि आदिवासी समाज के 12 पड़हा द्वारा अयोजित जतरा के दौरान विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उराँव ने कहा समाज के अगुवा को हर समय हर पल समाज के युवा वर्ग के लिए प्रेरणादायक बनने की जरूरत है। साथ ही बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग के लोग अपने कल्चर को भूल कर डीजे की ओर आकर्षित हो रहें है। जिससे आदिवासी समाज का रीति रिवाज लुप्त हो रहा है। वहीं विधायक के निजी सचिव देवेंद्र तिर्की ने कहा अति सुदुर्वर्ती क्षेत्र में जतरा का आयोजन से ऐसा लग रहा है कि काश्मीर का एक हिस्सा यही स्थित है। प्राकृतिक को बचाएं रखने में आदिवासी समाज का सराहनीय योगदान रहा है। वही उन्होंने कहा जतरा भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर आसपास और सामाजिक कुरीतियों को भुला कर एकजुट होने का अवसर मिलता है। जतरा में आये सभही खोड़हा दल को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वीरेंद्र उराँव, देवेंद्र तिर्की, राजमुनी उराँव सुखदेव उराँव बिटु उरांव मनीष उराँव केश्वर उराँव देवकी उराँव, बैजू उराँव सहित सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष व बच्चे बच्चियाँ उपस्थित थे।

## अभिभावक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन



मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के एजामाड़ प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक फुलेश्वर प्रसाद के द्वारा अभिभावक सह शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीपीएम संजीत कुमार पांडे, सीआरपी अजय सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मुखिया सतेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान समेत मीडिया बंधुओं को विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने गुलदस्ता देकर व माला पहनकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हर्ष जोहार, प्रयास कार्यक्रम, पैरेंट एक्टिविटी, कैलेंडर, बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता, प्रोजेक्ट रेल जिज्ञासा, चैट बीट, पोक्सो के विषय में जानकारी दी गयी। वहीं विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए रोहित कुमार कक्षा पांचवा को पुरस्कृत किया गया और उनके माता रूबी देवी को रसोईया मालो मासोमत के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया।

## तनाव में आकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला ।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवडीहा करम टोली निवासी लक्ष्मण उरांव पिता लखन उरांव ने सोमवार की रात कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत खराब होने पर उसके बेटों के द्वारा तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया। वही उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वृद्ध कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था उसके बेटों ने बताया घाघरा क्षेत्र में ही एक व्यक्ति उसकी जमीन को गलत तरीके से अपने नाम में कर लिया है। गुमला एसपी को पत्राचार कर आवेदन दिया गया था। कार्रवाई नहीं होने पर वृद्ध कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था।

## साइकिल चालक को बचाने के क्रम युवक घायल

**गुमला ।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा निवासी जीवन लोहरा और रंजीत लोहार किरतो गांव के समीप बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि किरतो गांव घूमने गए थे वहीं वापसी के क्रम में सड़क के बीच में एक साइकिल चालक अचानक आ गया जिसे बचाने के क्रम में दोनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद दोनों को उप स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को गुमला भेज दिया गया। वहीं जीवन बाइक चला रहा था जिसे हाथ पैर व चेहरा में गंभीर चोट लगी है।

## पुस्तकालय संचाल के लिए डीडीसी ने की बैठक

**गुमला।** उप विकास आयुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिले भर में प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पुस्तकालय संचालन के संबंध में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन कोर्ट परिसर स्थित बिरसा मुंडा पुस्तकालय सभागार में किया गया।जिसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता , एसडीओ सदर/ बसिया/ चैनपुर, डीपीआरओ पंचायत , सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी एवं सभी पुस्तकालय के कोषाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्मित पुस्तकालयों के नियमित संचालन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने सभी पुस्तकालयों को सप्ताह के 6 दिन सुबह के 6 बजे से संध्या 9 बजे तक खोले रखने के नियमों सहित अन्य पुस्तकालय संचालन संबंधित नियमों से अधिकारियों को अवगत करवाया।

## साली को भगाने का आरोप

**सिसई।** अपनी नाबालिक साली को शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोपी सैन्दा गांव निवासी विष्णु लोहरा को बिहार भोजपुर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि नाबालिक की मां ने अक्टूबर 2023 में अपने बेटी को भगाने को लेकर केस दर्ज कराया था, छानबीन के दौरान विष्णु के भोजपुर में होने की जानकारी मिली। थाना के एस आई शारिक अली द्वारा आरोपी को भोजपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बसिया।** प्रखंड के कुम्हारी में 8 नवम्बर दिन बुधवार को नव युवक संघ द्वारा आयोजित इंद मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम को 8 बजे कुम्हारी बाजारटाड में होगा। इस आशय की जानकारी संदीप साहू द्वारा दिया गया ।

# आदिवासियों पर अत्याचार के विरोध में फूंका पुतला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** मणिपुर में पिछले सात महीने से आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है और नरेंद्र मोदी मूकदर्शक होकर खामोश है। जिसके खिलाफ में प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत के नेतृत्व आज जुलूस निकालकर घाघरा चांदनी चौक में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर बॉबी भगत ने कहा नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार में आदिवासी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। विश्व भर में अपनी डंका बजाने का ढोंग करने वाले मोदी को अपना ही देश का अहम हिस्सा मणिपुर का जलना दिखाई नहीं दे रहा है। एक भीड़ महिलाओं के साथ हैवानियत की पराकाष्ठा पार कर दिया। मासूमों की हत्या हो रही है। मणिपुर शान्ति चाहता है और नरेंद्र मोदी सत्ता के लिए चुनाव में व्यस्त है। उनको इजरायल की चिंता सता रही है।लेकिन अपने ही देश की पीड़ित जनता दिखाई नहीं दे रहा है।




बिशुनपुर विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व इंटक अध्यक्ष इमरान आजाद ने कहा मोदी चुनाव से पहले आदिवासियों को ठग फुसलाकर सत्ता में आया लेकिन सत्ता में आने के बाद आदिवासियों का सिर्फ शोषण और ठगी कर रहा है। आने वाला 2024 में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर यूथ कॉन्ग्रेस जिला प्रभारी संदीप कुमार ओबीसी जिलाध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, बिशूनपुर विधानसभा यूथ कांग्रेस महासचिव सौरभ कुमार भगत, महासचिव मोद्दासिर अंसारी, जवाहर बाल मंच, जिलाध्यक्ष लोहरदगा मो. इम्तियाज अहमद, जिला महासचिव अमित साहू, वसीम अंसारी सुधीर उरांव, पवन पासवान, सुदामा कुमार, नौशाद अंसारी, एहताजुल अंसारी, हुसैन अंसारी, नकुल पासवान, नंदलाल महतो, सनिचर्वा खेरवार, महिंद्रा पासवान, आशीष पासवान, आदित्य महतो, विक्रम खेरवार, मुन्नी देवी, किरण मुंडा, फगनी देवी, इंद्राणी देवी, सीमा देवी, शान्ति देवी, रीता देवी, चंद्रावती कुमारी, कौशल्या देवी, सुशीला देवी, उर्मिला देवी, बंधइन देवी, गीता देवी, पुनी देवी, बिरसमुनी देवी, हेमंती देवी, किरण देवी, दुलारी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाहर से खून जांच करने का दिया जाता है दबाव

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** सदर अस्पताल में बल्ड व अन्य जांच के नाम पर जांच को लेकर डॉक्टर द्वारा प्राइवेट जांच घर का विजिटिंग कार्ड मरीजों को देकर बाहर से जांच कराने का दबाव डालने का मामला प्रकाश में आया है। कटिया गांव के दिनेश लोहरा नामक व्यक्ति जब डॉक्टर के पास अपने परिवार का इलाज कराने पहुंचा तो सदर अस्पताल के एक डॉक्टर ने उसे खून जांच करने को कहा। डॉक्टर ने बताया कि सदर अस्पताल में जो जांच होता है वह तीन बजे तक खुला रहता है उसके बाद बंद हो जाता है इसलिए तुम अपना मरीज का खून जांच बाहर से करा लो। लेकिन मरीज पैसे के अभाव के कारण बाहर नहीं करा कर सदर अस्पताल के मेडॉल में खून जांच कर लिया। वही मरीज बीपीएल परिवार से आता है और बहुत ही गरीब है। वही बताया जाता है कि रोड जशपुर रोड स्थित पॉइंट केयर का विजिटिंग कार्ड दिया जाता है। जहां पर जांच करने के लिए दबाव भी बनाया जाता है। पता चला है कि कमीशन के लिए ऐसा किया जाता है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर मामले को संज्ञान लेते हुए सदर अस्पताल परिसर स्थित दवा दुकान, खून जांच घर व मेडॉल के समय में परिवर्तन करते हुए दवा दुकान को रात 9:00 बजे तक, लैब और मेडल को रात 7:00 बजे तक खुला रखने का आदेश जारी किया।

## पायोनियर बीज कंपनी ने मेगा फसल प्रदर्शनी का किया आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जवारी गांव में पायोनियर बीज कंपनी के द्वारा मेगा फसल प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रतिनिधि टीपू अंसारी एवं गुमला जिला की मैनेजर सिद्धार्थ कुमार मौजूद किसानों से पायोनियर व अन्य कंपनी के फसल की तुलना करते हुए अंतर बताया। टीपू अंसारी ने बताया कि पायोनियर कंपनी के 27 पी 37 नामक बीज किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते आ रही हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पायोनियर लगाने वाले किसानों के चेहरा में खुशी साहब झलक रही है। फसल प्रदर्शनी में मौजूद किसानों ने माना की 27 पी 37 के धान का पैदावार ज्यादा होता है। इस मौके पर विक्रेता बंधुओ में मनोज साहू, मनोज गुप्ता, सिंटू साहू, शरण साहु, आदर के पूर्व मुखिया राजीव उरांव, रुकी के पूर्व मुखिया मोहन भगत सहित कई किसान मौजूद थे।

## लाभुकों के बीच स्टोबेरी पौधे का वितरण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुरडेगा गांव में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के हाथों स्टोबेरी के पौधे का लाभुक किसानों के बीच वितरण किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कहा की आज महिला विकास मंडल और जेएसएलपीएस के सहयोग से किसानों को बहुत सारी सुविधा प्राप्त हो रही है और आप किसानों को चाहिए कि इस अवसर का लाभ उठाकर उन्नत खेती कर अपना आर्थिक उन्नति करे। महिला विकास मंडल के द्वारा आज महिलाओं के आर्थिक उन्नति के लिए अच्छा प्रयास हो रहा जो काबिलेतारीफ है।स्टोबेरी के पौधे का वितरण उद्यान विभाग गुमला एवं महिला विकास मंडल जेएसएलपीएस के सहयोग से दस किसानों के बीच किया गया।इस मौके पर उद्यान विभाग गुमला के दीपक कुमार सिंह , जेएसएलपीएस के निरंजन कुमार समेत लाभुक किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीइटी ने सीएसआर कार्यक्रमों का किया अवलोकन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा में नवनियुक्त जीईटी (ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी) की तीन सदस्यीय टीम जिनमे पूजा सेठी, देवज्योति दास, अश्विन सोमन द्वारा मौजूदा समय में संचालित सीएसआर कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी इटकिरी व आदर में जाकर बच्चों से रूबरू हुए। बच्चों को हिंडालको (मि. एंड मिनरल्स) मद से डेस्किट बैग का वितरण भी किए गए। बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र में आने के लिए प्रेरित किए गए। भ्रमण से दौरान बिमरला के बरांगपाट में नाशपाती की बागवानी तथा पहाड़ से अनवरत बह रहे झरने का पानी को गांव तक अविरलधारा प्रोजेक्ट के माध्यम से पाइपलाइन के जरिए 22 घरों तक पानी की सुविधा को भी बारीकी से देखा और समझा। इस मौके पर हिंडाल्को सीएसआर की ओर से अभय भारती, आंगनबाड़ी सेविका दीदी, अभिभावक बादल राम, सुरेश उरांव व अन्य उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने उपस्थित सभी ईआरओ, एईआरओ व सबंधित कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य के मामले में सबंधित पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ काम करें।

उपायुक्त ने सभी 10वी एवं 12वी के वैसे विद्यार्थी जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है या जनवरी माह तक होने वाली है, वैसे शत प्रतिशत विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को बिरसा मुंडा पुस्तकालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी ईआरओ, एईआरओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। हाउस टू हाउस सत्यापन, पन्ना सत्यापन, फॉर्म जुटाने और निपटाने, बूथ सत्यापन, बूथ युक्तिकरण, एएमएफ, आदि कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी ईआरओ और एईआरओ से ईवीएम मशीन, पोलिंग बूथ, पोलिंग लोकेशन, हाउस टू हाउस सत्यापन आदि कार्यो की जानकारी हासिल की।



# कांग्रेस कमिटी आदिवासी मोर्चा की बैठक आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** झखरा कुम्बा में गुमला जिला स्थित सभी प्रखंडों के आदिवासी मोर्चा कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता घाघरा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद भगत ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह कोर्डिनेशन कमिटी के बंधु तिर्की ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकरर गुमला जिले के सभी प्रखंडों के कांग्रेस के आदिवासी कमेटी को सशक्त बनाने को लेकर यह रिव्यू किया जा ररा है। पार्टी की मजबूती और कांग्रेस पार्टी के

# गौवंश के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर ।** तस्करी के लिए ले जा रहे 11 अवैध गोवंश पशुओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर डुमरी पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने बताया कि सोमवार की रात 12:30 के लगभग गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की सिरमी गांव में मवेशी तस्करों द्वारा 11 मवेशी पशु को निर्दयता पूर्वक मारते पीटते हुए ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। तो पाया कि दो पशु तस्कर निर्दयता पूर्वक 11 मवेशियों को मारते पीटते हाकते हुए ले जा रहे हैं। घटनास्थल से



पशु तस्कर सरफुल्ला मियां उम्र 35 वर्ष पिता एहसान मियां व अजबुल मिया 29 पिता सुल्तान मिया दोनों चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर निवासी हैं जिन्हें गिरफ्तार किया गया। वही जब्त सभी मवेशियों को डुमरी थाना लाया गया है। छापेमारी दल में डुमरी सह थाना प्रभारी रवि कुमार, जितेंद्र सिंह एवं सशस्त्र बल थाना के जवान मौजूद थे।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर दूसरी बार डीसी से मिलने पहुंचे गांव के लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला ।** रायडीह प्रखंड के कंसिर पंचायत स्थित नीचडुमरी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को एक माह के अंदर दूसरी बार डीसी कार्यालय का घेराव कर सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग की। साथ ही मांगे पूर्ण नही होने पर आंदोलन करने का चेतावनी दिया। ग्रामीणों ने कहा कि कंसिर से नीच डुमरी गांव की दूरी लगभग दस किमी है।मगर गांव तक का पूरा पहुँच पथ कच्चा रास्ता व कीचड़मय है।जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा होती है।ग्रामीणों ने कहा कि कंसिर से गांव तक कोई भी चार पहिया वाहन नही पहुंच पाता है। जान जोखिम में डालकर



कभी-कभी कोई ऑटो आता है। जो किसी बड़े हादसे को दावत देता रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव तक आवाजाही या तो पैदल करना पड़ता है। उनके लिए दस किमी का डगर कठिन हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी किसी के बीमार पड़ने व गर्भवती महिला को अस्पताल तंक ले जाने में काफी परेशानी होती है। हाल के दिनों में एक गर्भवती महिला को दस किमी बहनगिया में लाद कर मुख्य मार्ग तंक लाया गया था। तब जाकर उसे अस्पताल ले जाया जा सका। डीसी ने ग्रामीणों से चेम्बर बाहर आकर बातचीत की। उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर रामजीत मुंडा, तेजू साय,शिवकुमार साय, अमृत मुंडा,जेवियर मिंज,विसुन मुंडा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही) ।** बच्चो को सुयोग्य शिक्षा और शिक्षा के साथ संस्कार देने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मंदिर में गत 28 अक्टूबर से 7 नवंबर तक अभिभावक गोष्ठी कक्षा सह आयोजित की गई। इस दौरान कुल 607 अभिभावकों की उपस्थिति रही। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों की ओर से विद्यालय तथा बच्चों की विकास पर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिए जरूरी सुझाव को अमल में लाने का आश्वासन दिया। प्रबंधन समिति की ओर से सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य शिवानी नंदे तथा राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति बनी रही।

# धड़ल्ले से बढ़ता प्लास्टिक का कारोबार, शहर हो रहा प्रदूषित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला ।** आप जो कचरे का ढेर देख रहे हैं उसमें अधिकांश प्लास्टिक देखा जा सकता है। इसका मतलब है कि प्रतिबंध के बावजूद मार्केट में प्लास्टिक का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। और कचरे के ढेर में कचरे से ज्यादा प्लास्टिक नजर आ रहा है। जो कभी सड़ता गलता भी नहीं है।और 50 साल बाद भी जमीन के अंदर से निकालने पर वैसा ही प्लास्टिक निकलता है। तो आप



समझ सकते हैं की मार्केट में किस तरह से प्लास्टिक का उपयोग जारी है। और प्लास्टिक बंद करवाने में संबंधित विभाग पूरी तरह फेल है। विभाग के लापरवाही के कारण ही सब्जी से लेकर हर प्रकार के दुकानों में बेधड़क प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे दुकानदारों पर किसी तरह का कोई कार्रवाई अब नहीं हो रहा है। जिसके कारण एक ओर उनका मनोबल और बढ़ते जा रहा है तो वही दूसरी ओर प्रकृति प्रदूषित होते जा रही है।संबंधित विभाग के अधिकारी भी पर्व त्योहारों के जैसे साल में कभी कभार खाना पूर्ति के लिए एक बार छापेमारी में निकलते है।उसके बाद खामोशी धारण कर लेते है। जिसके कारण प्लास्टिक विक्रेता खुलेआम प्लास्टिक की बिक्री मार्केट में कर रहे हैं।और यह प्लास्टिक ट्रांसपोर्टिंग के द्वारा लाया जा रहा है।

# डीसी ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी समस्याएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जहां दूर दराज से आए 50 से अधिक नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को बताया। जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला निवासी प्रीतो मिंज ने अपना आवेदन समर्पित कर उनके माता चुमानी देवी के 13 मई 2022 की रात्रि को माता वैष्णो देवी कटरा से गुमशुदा होने की शिकायत पुलिस स्टेशन में देने के बावजूद अब तक



किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने यह शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखी।जिसपर उपायुक्त ने प्राप्त आवेदन को पुलिस अधीक्षक के पास भेजते हुए इससे संबंधित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गुमला निवासी सरिता देवी ने अपने आवेदन में एनएच 23 में अपने भूमि के विरुद्ध उचित मुआवजा राशि की भुगतान हेतु आवेदन समर्पित किया। वहीं शांति मिंज ने उनके अकाउंट से फर्जी तरीके से पैसे निकासी की समस्या उपायुक्त को बताई जिसपर उपायुक्त ने गुमला थाना से संपर्क करते हुए बैंक से इसकी जांच कराने हेतु निर्देशित किया।

# अभाविप का प्रयास काफी सराहनीय है : अरुणा शंकर





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय कला मंच पलामू द्वारा नवांकुर उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर मौजूद थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रयास एक सराहनीय कदम है। यह विद्यार्थियों के अंदर कला के प्रति जागरूकता पैदा करेगा, छात्राएं सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है एवं विशिष्टि अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य सुषमा कुमारी ने कहा कि नवांकुर उत्सव पलामू जिले के लिए एक सार्थक कदम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में द्वय राष्ट्रीय कवित्री अनुपमा, किरण राज, निकिता पाठक एवं कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा सिंह ने किया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया एवं प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सुहानी कुमारी, सिया कुमारी, किशोर गोरिया, चंद्रकांत सिंह, शुभम प्रसाद, कल्पना, साक्षी, अनामिका सहित सैकड़ों छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## माहवारी स्वच्छता विषय पर किशोरियों का उन्मुखीकरण शिविर, सैनेटरी पैड वितरित



**संवाददाता विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही) :** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरहा पंचायत के बुलबुलिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में केतात बाबा मकरंद सेवा समिति और प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वाधान में माहवारी स्वच्छता विषय पर किशोरियों का उन्मुखीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रशिक्षकों ने किशोरियों को माहवारी के बारे में बताते हुए उस दौरान बरते जाने सावधानियों की भी जानकारी दी। इस दौरान किशोरियों के बीच पुनः उपयोग में लाये जाने वाले सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इसके अलावा बच्चियों को स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पर्यावरण के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इस मौके पर मुखिया राधा साव, बाबामकरंद सेवा समिति के अभिषेक चौबे, हितेश चौबे, मनीष चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर सात स्थित कुम्हारटोली आंगनबाड़ी केंद्र में निवर्तमान वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण बच्चों के बीच किया गया है। बच्चों को ठंड में परेशानी नहीं होने दी जायेगी। घर में अभिभावक भी बच्चों का विशेष ध्यान रखें। आगे भी इस तरह का कार्यक्रम लगातार किया जायेगा। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका देमंती देवी, सहायिका गुलबश कुंवर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान के तहत कार्यक्रम

# बाल विवाह बच्चों के लिए अभिशाप : केडी पासवान

- बाल विवाह को लेकर आदर्श मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय मेदिनीनगर में जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण इकाई, जेएसएलपीएस और यूनिसेफ एक्सआइएसएस के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकने एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से चलायी जा रही सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान के तहत मंगलवार को आदर्श मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय मेदिनीनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 300 छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप है। लोग बच्चों की पढ़ाई छुड़वा कर शादी करवा देते हैं जिससे बच्चों का भविष्य खराब होता है। बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है और पदाधिकारी को भी नियुक्त किया गया है।

बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप छात्रवृत्ति सहित कई योजनाएं चलायी जा रही है। बाल विवाह एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी लोगों को आगे आकर अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

वहीं यूनिसेफ के डॉक्टर तबरेज ने बाल विवाह तथा उसे रोकने के लिए बने कानून एवं बच्चों के साथ होने वाले हिंसा व शोषण तथा पोक्सो कानून के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही सभी बालिकाओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में छात्राओं को गुड़ टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं कई शिक्षक, शिक्षिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार मे उंटारी प्रखंड क्षेत्र के जमडीहा निवासी अंजू कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि बिगत वर्ष 2020 में वज्रपात से मेरे पति की मृत्यु हो गई थी लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक आपदा राहत कोष से मुझे कोई लाभ नही मिला, जिस पर उपायुक्त ने अंजू कुमारी को आपदा राहत कोष से राहत देने का आश्वाशन दिया। इसी तरह चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार ने उपायुक्त से अपने पंचायत कंकारी में आधार सेवा पुनः सुचारू रूप से चालू करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह पाटन प्रखंड क्षेत्र के नरेश कुमार प्रजापति ने उपायुक्त से पशुशेड योजना का लाभ देने का निवेदन किया। इसी तरह मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कौशल्या देवी ने उपायुक्त से केसीसी ऋण माफ करवाने का अनुरोध की।

जनता दरबार में जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में मौलाना अब्दुल शकूर की नमाज-ए-जनाजा में हजारों लोग हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा निवासी सैखुल हदीस मुफ्ती मौलाना हजरत अब्दुल शकूर अलैहे रहमतो रिजवान को बंजारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसके पहले हजारों लोग उनकी आखिरी जियारत के लिए हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में नमाज-ए-जनाजा में शरीक हुए। हर कोई हजरत के जनाजे को कंधा देने के लिए उत्सुक थे। ज्ञात हो कि 100 वर्षीय हजरत मौलाना अब्दुल शकूर का इंतकाल बीते सोमवार की देर रात हो गया। यह खबर सुनते ही देश और विदेश के हर कोने से करीब 15 से 20 हजार लोग उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनका शहर में जनाजा निकाला गया जिसके बाद सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में जनाजे की नमाज अदा की गई।नमाज अदा के बाद मौलाना के वसीयत के मुताबिक शहर के बंजारी स्थित मोहम्मद रहसुल एवं सैकुल हदीस के मजार पर मौलाना हजरत अब्दुल शकूर अलैहे रहमतो रिजवान को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।जहां हजारों लोगों ने नम आखों से उनके जनाजे को सुपुर्द-ए-खाक किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा इनके सागीरद हिंदुस्तान के अलावे अन्य देशों में फैले हुए हैं। इनके जनाजे नमाज में हिंदुस्तान, सउदिया सहित कई देशों से लोगों शामिल हुए। उनके जनाजे में मुख्य रूप से मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी,राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, बसपा नेता शेर अल्ली, प्रमोद कुमार रवि, सुरजमल राम, एनसीपी नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा,राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन सिंह यादव ,मो उस्मान मुफ्ती, बदरे आलम, मो गुलाम गोष, मो असलम,डॉ रिजवान, रविकांत कुमार, अजमल हुसैन, मो इसरार आलम, मो जमील, मो मुर्तजा, मो याकूब, मो आबिद उर्फ मुन्ना, मो फिरोज आलम, मो सत्तार, मो जागीर, मो शाह हुसैन, मो मुतुर्जा, मो दिलशाद, मो इसरार आलम, मो आलमगीर आलम उर्फ टुडे, मो यूनुस, शमशाद अंसारी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता: संतोष



- संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**संवाददाता विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही) :** रेहला बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री मिश्रा ने कहा कि रक्तदान कर हम एक-दूसरे को सहयोग कर उसका जीवन को बचा सकते है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की सेवा करना है। रक्तदान करने वाले में अस्मिता पांडेय, साधना मिश्रा, अमीना खातून, शबनम निशा, संत कुमार मिश्रा सहित कई छात्र छात्राओं का नाम शामिल है। मौके पर प्रो रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, शशि रंजन सिंह, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, रामजी चौबे, अजय ओझा, अमित कुमार, जितेंद पाठक, सुनील कुमार, संजय पांडेय, रामेश्वर राम, नरेंद्र मिश्रा, विनय कुमार, सुधीर यादव, संगीता कुमारी, आशीष पांडेय मौजूद थे।

# मोबलाइजेशन कैंप सह रोजगार मेला लगा




रोजगार मेला में प्रखंड प्रमुख का स्वागत करते बीपीएम।

- युवाओं को रोजगार से जोड़ना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य : राजकुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत मंगलवार को रोजगार मेला सह प्रखंड स्तरीय मोबिलाइजेसन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शरूआत प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उप प्रमुख इंदु देवी, जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार, पंसस राजवंश यादव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार के माध्यम से युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने बेरोजगार युवक-युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर रोजगार मेला से लाभ उठाने की बात कही।मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में 52 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 9 लोगों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा सिक्योरिटी गार्ड, ऑटोमोबाइल समेत अन्य सेक्टर में रोजगार पाना चाहते है, तो वह जेएसएलपीएस कार्यालय में पहुचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।उन्होंने कैंप में उपस्थित युवक-युवतियों से ईमानदारी पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनने का आह्वान किया।

## विश्रामपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**संवाददाता विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय में राजद के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश गुप्ता के आवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे स्व. जगनारायण प्रसाद गुप्ता के चित्र पर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्व. गुप्ता के आकस्मिक निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। बताते दें कि राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता के बड़े भाई जगनरायण गुप्ता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, जिला पार्षद बिजय रविदास, मुखिया राधा कृष्ण साव, भाजपा नेता मनिष कुमार, राम बहादुर साहू, अरबिद विश्वकर्मा, अशोक पासवान, उपेंद्र चौधरी, सेवानिवृत्त दरोगा शिव प्रसाद साहू राजेंद्र साव, दिनानाथ साव, नागेंद्र प्रसाद यादव, कन्हाई मेहता, राजकुमार मेहता, रमेश चौबे, सत्यम सोनी, हरिहर पाल, रामचंद्र साव आदि मौजूद थे।

## दंगवार छठ पूजा कमेटी गठित, गोविंद सिंह अध्यक्ष, विवेक गुप्ता उपाध्यक्ष बने

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार गांव में ऐतिहासिक सूर्य मंदिर के प्रांगण में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा मनाने हेतु पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर के अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसका संचालन संतोष सिंह ने किया। बैठक में लोगों ने इस पूजा के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए आने वाले व्रतधारियों को कैसे अच्छी सुविधा प्रदान की जाए इस पर प्रकाश डाली गयी। सभा के अंत में कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें गोविंद सिंह को अध्यक्ष, विवेक गुप्ता को उपाध्यक्ष और संतोष राम को सचिव बनाया गया।कोषाध्यक्ष संतलाल चौधरी, रक्षा मंत्री मुकेश साव तथा पवन चौधरी को बनाया गया, जबकि मुख्य सचेतक पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से राहुल कुमार, दीपक गुप्ता, गोलू चौधरी, आकाश चौधरी, विकास मेहता, विक्की मेहता, दिनेश सिंह, मुकेंद्र चौधरी, बबलू गुप्ता, शुभम सिन्हा, जितेंद्र चौधरी और अरविंद गुप्ता आदि शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



दुबई में आयोजित प्रथम ओपन अंतराष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में झारखंड की महिला एथलीटों ने अपना परचम लहरा दिया। यह पल झारखंड के साथ-साथ भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## दुबई में हुए प्रथम ओपन अंतराष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में झारखंड की महिलाओं ने लहराया परचम

# महिला खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हमें गर्व है : नवीन चंचल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुबई में आयोजित प्रथम ओपन अंतराष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में झारखंड की महिला एथलीटों ने अपना परचम लहरा दिया। यह पल झारखंड के साथ-साथ भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है। टीम इंडिया की ओर से खेल रहे झारखंड की महिलाओं ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है। मालूम हो कि दुबई में 27 से लेकर 30 अक्टूबर तक यह चैंपियनशिप आयोजित किया गया था। इसमें वेटनर स्पोर्ट एंड गेम्स नेशनल फाउंडेशन की ओर से झारखंड की महिलाओं ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

2022 में नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित दूसरा राष्ट्रीय महिला एथलीट में इनके प्रदर्शन के आधार पर दुबई में आयोजित प्रथम ओपन अंतराष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप के लिए इनका चयन हुआ था। चयन के बाद इन्होंने कई पदक अपने व देश के नाम किया। यह जानकारी मास्टर गेम्स फेडरेशन के महासचिव नवीन चंचल ने दी।

**इन्होंने जीता पदक : मेंरी मुंजनी किस्पोट्टा** ने सर्वप्रथम 50+ आयु वर्ग के ऊंची कूद और भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2स्वर्ण पदक से देश का खाता खोला, वहीं किस्पोट्टा ने जीत का क्रम जारी रखते हुए लांग जम्प एवं ट्रिपल जम्प में तीसरा स्थान के साथ 2कॉंस्य तथा 4 .100 मीटर रिले दौड़ में में भी दूसरा स्थान के साथ 1सिल्वर प्राप्त कर कुल 5 पदक देश की झोली में डाल दिया।

**शांति मुक्ता बारला** ने 55+ आयु वर्ग के 80 मीटर बाधा दौड़ एवं 5000 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान के साथ 2 स्वर्ण, 4.100 मीटर रिले दौड़ में दूसरा स्थान के साथ 1सिल्वर तथा भाला फेंक में तीसरा स्थान के साथ 1कॉंस्य जीत कर कुल 4 पदक देश के नाम कर राष्ट्र का दबदबा कायम किया।

**सीता कुमारी** 35+ आयु वर्ग ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए, 80 मीटर बाधा दौड़ एवं ट्रिपल जम्प में प्रथम स्थान के साथ 2 स्वर्ण, शॉटपुट और लंबी कूद में दूसरा स्थान प्राप्त कर 2सिल्वर के साथ कुल 4 पदक झटक कर झारखंड के साथ अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का डंका बजा दिया।

झारखंड मास्टर गेम्स फेडरेशन के महासचिव नवीन चंचल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी सरकारी मदद के ये खिलाड़ी राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं, अगर इन्हें भी सरकार की थोड़ी मदद मिल जाय तो झारखंड के खिलाड़ी खेल के सभी क्षेत्रों में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## आजसू ने गिरती विधि व्यवस्था के खिलाफ प्रतिवाद यात्रा निकाली

# राज्य सरकार धनबाद में अपराध रोकने में विफल है : सीपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**कतरास।** धनबाद में गिरते विधि व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी के नेतृत्व में महेशपुर से प्रतिवाद यात्रा निकाली गयी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नवागढ़ चौक स्थित विनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा तक पहुंच समापन किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूरे जिले में विधि व्यवस्था नाम का कोई चीज नहीं है, आये दिन व्यापारियों के साथ लूटपाट हत्या की घटनाएं घट रही है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह फेल है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में कोयले की लूट की जा रही है। इसमें जिला प्रशासन की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। पूरे राज्य के जनता को इस विफल सरकार के खिलाफ मुखर होना होगा।

प्रतिकार यात्रा में जिला अध्यक्ष मंटू महतो, केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, केंद्रीय सचिव प्रमोद चौरसिया, केंद्रीय सचिव अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, रामाशंकर तिवारी, नरेश महतो, जिला प्रवक्ता महेंद्र महतो, गोल्डन तिवारी, गोपाल तिवारी, हलदार महतो, गिरधारी महतो, दयानंद महतो, मनीष सिंह, गौतम गोप, आदि शामिल थे।

# दीपावली मिलन समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के महिला समिति की सदस्याओं द्वारा स्वावलंबन उद्योग केंद्र में रोशनी का पर्व दीपावली मिलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन में समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी तथा उपाध्यक्ष निशा श्रीवास्तव, अल्का श्रीवास्तव, मोनिका रंगानी, प्रीति शरण तथा इति रथ द्वारा लक्ष्मी-गणेश की पूजा अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन तथा बंपर हौजी की व्यवस्था की गयी। पुष्पमालाएं, वंदनवार, फूलों की रंगोली, दीपों तथा लड़ियों से समिति का उद्योग केंद्र नव-दुल्हन की भांति जगमगा रहा था।

इस अवसर पर समिति की सचिव वंदना झा, उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष रीता रानी स्वावलंबन प्रभारी कुमुद कुमारी, सुरभि प्रभारी पुष्पा भारतीय, अन्य कार्यकारिणी सदस्या अनीशा झा, नीतू सुनीत, अंजू कुमार, प्रीति राजेश उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार ने किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की पत्नियों को समिति की कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित करना था, ताकि समाज सेवा की ओर उनका रुझान बढ़े तथा वे अपना अधिकतम योगदान दे सकें। समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने कहा कि महिला समिति बोकारो सदा समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रही है तथा भविष्य में सदैव बेहतर योजनाओं के साथ सामने आयेगी।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 से

# सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड उत्तर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार एवं सफल आयोजन हेतु मंगलवार को सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी के साथ बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार एंव सीओ कृष्ण कुमार मरांडी ने बैठक आयोजित की। बैठक के बाद बीडीओ ने बताया की आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक आपकी योजना आपकी सरकार के सफल आयोजन हेतु क्षेत्र के जिप सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं सभी विभागों के पदाधिकारियों के संग बैठक कर चर्चा की गयी। इस बैठक में बीडीओ, सीओ के अलावे निरसा प्राथमिक चिकित्सा प्रभारी डॉ रोहित गौतम एमओ मनोज कुमार सिन्हा, बीपीओ श्रीकांत मंडल, बीपीआरओ गोपाल चंद्र गोराई सभी क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# प्रिंस खान के दो और गुर्गे चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल भेजे गये

**प्रिंस को भारत लाने के लिए ग्रह मंत्रालय कर रहा है कारवाई : सिटी एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पिछले दिनों बैंक मोड़ के व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर हुए जानलेवा हमले के बाद से गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ लगातार पुलिस अपना शिकंजा कसते जा रही है। प्रिंस को मदद पहुंचाने वाले लोगों की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा रहा है। घटना में शामिल प्रिंस के गुर्गों को पहले से धनबाद पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मंगलवार को भी प्रिंस को आपराधिक घटनाओं में मदद करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा है। इस बाबत अपने कार्यालय में सिटी एसपी अजित कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गये दोनों अपराधियों के खिलाफ जानकारी देते हुई बताया कि प्रिंस द्वारा किसी भी अपराध को अंजाम देने में यह दोनों अपराधी पैसों से मदद पहुंचाते थे। साथ ही रंगदारी के रूप में वसूले गये पैसों के लेनदेन का काम करते थे। पकड़े गये अपराधियों में कल्याणपुर भूली निवासी 24 वर्षीय विशाल नंदी और नया बाजार गद्दी मुहल्ला निवासी अरशद हुसैन हैं। इन दोनों को पुलिस ने रंगदारी के रूप में वसूले गये 68 हजार नगद के साथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ने कहा कि प्रिंस गैंग के लोग अब ज्यादा दिन बाहर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में प्रिंस गैंग के एक दर्जन से अधिक अपराधियों को पुलिस ने दबोचा है। प्रिंस की गिरफ्तारी से संबंधित सवाल के जवाब में सिटी एसपी ने कहा कि विदेश में छुप कर बैठे प्रिंस को भारत वापस लाने के लिए ग्रह मंत्रालय अपनी कारवाई कर रही है उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के द्वारा तय कार्यक्रम के तहत बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार को बेरमो जिला बनाने के मांग के लिए झारखंड के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। वहीं बेरमो जिला बनाने के मांग पत्र झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम से समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील प्रसाद महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबिता देवी, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, संयोजक संतोष कुमार नायक, कुलदीप प्रजापति ने ज्ञापन सौंपा। इसके पहले तेनुघाट बिरसा भगवान के प्रतिमा पर फूल माला अर्पण कर और जिला बनाने की नारा लगाते हुऐ तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि ज्ञापन को अग्रेषित कर दिया जायेगा। इस मौके पर जिप सदस्य माला कुमारी, सुरेंद्र राज, सुदामा तिवारी, दिनेश्वर स्वर्णकार, धरंजय रविदास, रावण मांझी, सरण राम, घनश्याम राम आदि मौजूद थे।

## सीबीएसइ नेशनल क्लस्टर एथलेटिक मीट में साध हुसैन ने जीता गोल्ड मेडल




**बोकारो थर्मल (बेरमो)।** वेटके पब्लिक स्कूल केएसपी फेस टू बोकारो थर्मल का सीबीएसइ नेशनल क्लस्टर एथलेटिक मीट 2023-24 जो रायपुर के छत्तीसगढ़ में आयोजित हुआ। उसमे वेटके पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा। इस मीट में लगभग ढाई हजार एथलीटों ने भाग लिया। इसमें मो साध हुसैन ने लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल जीत कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। मो साध हुसैन ने बोकारो थर्मल के साथ पूरे झारखंड का नाम रोशन करते किया है। जानकारी के बाद वेटग पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नमिता सिन्हा, स्कूल के कोच शिबू प्रजापति के साथ स्कूल के सहायक प्राचार्य आशीष रंजन, सिकंदर कुमार प्रियंका कुमारी, अंजना कुमारी, संदीप कुमार, टुकेश्वर सिंह आदि ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संस्कृति सभ्यता, त्योहारों से जोड़ना है : नागेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में पाठ्य सामग्री क्रिया के अंतर्गत दिवाली सप्ताह विशेष हेतु कक्षा 1-5 के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1-2 के छात्र-छात्राओं के लिए कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, कक्षा 3-4 के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता तथा कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में चारों सदनों के बच्चों ने काफी उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कुणाल हेमब्रम दयानंद सदन से प्रथम, शशांक कुमार विवेकानंद सदन से द्वितीय, आकांक्षा कुमारी हंसराज सदन से तृतीय एवं मकबीर अंसारी विवेकानंद सदन से चतुर्थ स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा चौथी की रिया कुमारी श्रद्धानंद सदन से प्रथम स्थान, सक्षम वैद्य हंसराज सदन से द्वितीय स्थान, काजल श्रद्धानंद सदन से तृतीय स्थान एवं अंशुमान पांडे विवेकानंद सदन से चतुर्थ स्थान में रहे। वहीं भाषण प्रतियोगिता में सादिया नाज हंसराज सदन व प्रिया दयानंद सदन से प्रथम, मोहम्मद मुस्ताक अहमद हंसराज सदन व अर्णव कुमार यादव श्रद्धानंद सदन से द्वितीय स्थान, आद्विक अचिंत्य दयानंद सदन अनन्या शेखर विवेकानंद सदन से तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी नागेंद्र प्रसाद ने सभी बच्चों की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी संस्कृति सभ्यता, त्योहारों से जोड़ना है। साथ ही उनमें छिपी योग्यता और प्रतिभा को बाहर लाना है। इस अवसर पर सीसीए कोर्डिनेटर आभा कुमारी, किरण सिंह, सोनिया, विभा झा, सरोज सिंह, नीलम झा, झूमा चक्रवर्ती, रूबी यादव, ममता कुमारी, भावना, अराधना, माधवी, नेहा, पुतुल, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला विकास शाखा)

### आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या–01/2023 द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत (MPLADS Cell) में एवं विज्ञापन संख्या–02/2023 के माध्यम से District Mineral Foundation Trust (DMFT Cell) उपायुक्त, कोडरमा के कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति हेतु पूर्णतः अस्थायी/संविदा पर इन्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया था।

उक्त विज्ञापन के आलोक में इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जिन्हें कम्प्यूटर ज्ञान Hindi & English Typing, Ms Office PFMS, MIS Entry आदि की जानकारी एवं इन्टरनेट कार्य संबंधित जानकारी का Skill Test दिनांक–10.11.2023 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से DeGS Training Center, Koderma (Ground Floor DRDA) में लिया जाएगा।

इस विज्ञापन के अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित तिथि को ससमय उक्त Skill Test हेतु निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा उक्त तिथि के बाद आपकी उपस्थिति स्वीकार नही किया जाऐगा।

नोटः–1. उक्त विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों की सूची कोडरमा जिला का Website:-Koderma.nic.in पर अपलोड है।

2. सफल अभ्यर्थियों का परिणाम कोडरमा जिला का Website:-Koderma.nic.in पर अपलोड कर दिया जाऐगा।

PR 310853 District(23-24)D

ह0/– उप विकास आयुक्त, कोडरमा

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)
PR No.- 304905 Dated : 18.08.2023

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 128 / 2023-24 — दिनांक :- 07.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-03/2023-24 | कुरडेग | 1 | कीनकेल बेतमा डोडापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.025 कि०मी०) | 1105.850 | ग्यारह करोड़ पाँच लाख पचासी हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | कुरडेग | 2 | पी०एम०जी०एस०वाई० फेज–2 से मकरगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.550 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 3 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से बीजरीबारी भाया खुसीयापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.200 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 4 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से डुमरडीह भाया मतासी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3. 050 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 5 | कीनकेल केरसाई मालसारा रोड से कोरकोटजोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2. 300 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 6 | बेलगढ़ से भनुवरपानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.900 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 7 | खुटीटोला से घोसरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.200 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–**09.11.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **16.11.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**17.11.2023** .अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

**PR 310849 Rural Work Department(23-24).D**

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : — दिनांकः

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
### विज्ञापन संख्या :–01/2023
### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या–RS/15/01/2022-23/3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में सिमडेगा जिले में संचालित नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/पुरूश अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदो के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 02.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से **जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा नये समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला, पिनः– 835223, जिलाः–सिमडेगा** में आमंत्रित किए जाते है। जिले में संचालित नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय मे निम्नवत् पदों पर सविदा पर चयन किया जाना है :–


| क्र. स. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत बल | रिक्ति | UR | ST | SC | BC-1 | BC-2 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका भाषा अंग्रेजी(भाषा) | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका –गणित | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका – विज्ञान (विषय समूहः–जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका–विज्ञान (विषय समूहः–भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका– सामाजिक विज्ञान | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका– शारीरिक शिक्षा | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका भाषा–कंप्यूटर | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| | **गैर शैक्षणिक पद** | | | | | | | | | |
| 8 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 9 | स्पोर्ट स्टाफ(आदेश पाल– 01 एवं रात्रि प्रहरी– 01) | 2 | 0 | 2 | 1 | 1 | – | – | – | 1 |
| 10 | मुख्य रसोईया | 1 | 0 | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 |
| 11 | सहायक रसोईया | 3 | 0 | 3 | 2 | 1 | – | – | – | 3 |
| | कुल | 14 | 0 | 14 | 12 | 2 | – | – | – | 14 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते अहर्त्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक बेवसाईट **WWW.Simdega .nic.in** पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

**PR310840 (Primary Education)23-24*D**

## महेश्वर महांति के निधन पर सीएम नवीन पटनायक ने शोक जताया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष महेश्वर महांति के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक संदेश में उन्होंने कहा कि महेश्वर महांति ने एक लोकप्रिय नेता के रूप में ख्याति अर्जित की। उनकी ख्याति एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में थी। उन्होंने मंत्री और विधायक के रूप में राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। विशेषकर पुरी क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका उन्हें अमर बनाये रखेगी। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने उच्च लोकतांत्रिक, संसदीय परंपरा की स्थापना में योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जाना ओड़िशा के लिए बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने 49वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**तालचेर थर्मल।** तालचेर थर्मल ने एनटीपीसी की शानदार यात्रा का 49वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। 73,874 मेगावाट स्थापित क्षमता, 3,314 मेगावाट स्थापित आरई क्षमता और 17,794 समर्पित कर्मचारियों के साथ, एनटीपीसी आज भारत में ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य को आकार दे रहा है। इस उत्सव में तालचेर थर्मल के सभी समर्पित कर्मचारी, सीआईएसएफ कर्मी, साथ ही उनके परिवार और सहयोगी एक साथ आये।





मुख्य अतिथि तालचेर थर्मल के कार्यकारी निदेशक गौतम देब द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अपने संबोधन में, उन्होंने भारत के लिए अधिक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य को आकार देने के लिए एनटीपीसी के समर्पण को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्धारित समय में तालचेर थर्मल के चरण III को लाने और आसपास के क्षेत्र के लिए एकीकृत विकास कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैसे-जैसे एनटीपीसी की यात्रा जारी है, संगठन स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा के साथ भारत के भविष्य को रोशन करने के अपने मिशन में दृढ़ है।

## प्रलय मिसाइल की सफल टेस्टिंग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने मंगलवार को प्रलय मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। ओड़िशा तट पर अब्दुल कलाम आइलैंड के एलसी 4 से टेस्टिंग की गयी है। प्रलय मिसाइल 300 से 500 किलोमीटर तक मार कर सकती है। प्रलय 500-1000 किलोग्राम तक वजन का हथियार ले जाने में सक्षम है।

## आइआइटी कानपुर करायेगा कृत्रिम बारिश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में प्रदूषण से आइआइटी कानपुर की मदद से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश करवायी जायेगी। इसको लेकर दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री गोपाल राय के कार्यालय ने आइआइटी कानपुर के प्रो मणींद्र अग्रवाल से संपर्क किया है और कृत्रिम वर्षा करवाने के लिए कहा है।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा दिसंबर से संभव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 के बीच आयोजित कर सकती है। यात्रा पैदल होगी साथ ही वाहनों का उपयोग भी किया जायेगा।

## जिंदल स्टेनलेस की मीनू को विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंडियन स्टील एसोसिएशन (आइएसए) ने मंगलवार को लिंग एवं विविधता वर्ग के तहत जिंदल स्टेनलेस की पहली महिला ओवरहेड क्रेन ऑपरेटर मीनू मोहंता को विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार प्रदान किया। इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के प्रदर्शन तथा अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने के लिए पुरस्कार प्रदान किया। राजमिस्त्री पिता के घर में जन्मी मोहंता की शादी 14 साल की उम्र में हो गयी थी और मात्र 25 साल की आयु में उनके पति का देहांत हो गया था। नयी दिल्ली में आयोजित आइएसए के स्टील कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण के दौरान उन्हें विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प और बुरे हालात में भी साहस दिखाने के लिए जूरी विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

श्रीमती मोहंता ने पुरस्कार प्राप्त करने पर कहा कि यह मेरे लिए एक बड़ा दिन है। मैं जिंदल स्टेनलेस द्वारा दिये गये अवसर के लिए आभारी हूं और मैं उन महिलाओं की एक सेना बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जो डर के बजाय साहस को चुनती हैं।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा ति मुझे बेहद गर्व है कि आईएसए ने मीनू की दृढ़ता और साहस को सम्मानित किया है। वह काम के प्रति जबरदस्त जुनून और अद्वितीय समर्पण की मिसाल हैं।

## कार्यकर्ताओं संग लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बैठक की



- लोगों से मिले, किया समस्याओं का समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** बरजो पावर हाउस स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बैठक की। इसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी में तन मन से कार्य करने का बल देने को कहा। साथ ही लोगों की समस्या को सुनते हुए इसका निष्पादन किया। इसके बाद वे गांवा थाना के पिहरा पंचायत में आम गरमजुरवा जमीन पर एक विशेष समुदाय द्वारा जबरन लाश को दफनाने पर उपजे विवाद में पहुंचे। वहां से गलवाती निवासी कैलाश विश्वकर्मा का आकस्मिक मौत पर दुखी परिवार से मिले तथा सांत्वना दी। वहां से मकडीहा शिवा नारायण यादव के पिता के मृत्युपरांत भोज में शामिल हुए। फिर सीताराम यादव के परिजनों से मिलकर मृतक आत्मा की शांति की कामना की। वहां से खिजुरसोता, परसन पंचायत में फुटबॉल के फाइनल मैच में उपस्थित होकर पुरस्कार वितरण किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब परिवार के साथ उनके सुख-दुख में साथ रहने वाले नेता हैं। दिल्ली में उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले 3024 गरीब परिवारों को घर की चाबी देकर गरीबों के सपने को साकार किया। उन्होंने अगले 5 साल तक मुफ्त में राशन देने की घोषणा की। मौके पर उदय सिंह पवन सिंह, नकुल राय, श्याम कुमार, अरविंद सिंह, विनय सिंह, अरुण पासवान, मनोज राम, श्रीकांत राय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ओड़िशा कोयलांचलों में सतर्कता जागरूकता फैलाने में एमसीएल ने अहम भूमिका निभायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** समाज में सतर्कता जागरूकता बढ़ाने और भ्रष्टाचार से निपटने के कई पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक केशव राव ने नागरिकों के बीच सतर्कता जागरूकता के महत्व पर विशेष बल दिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के समापन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में सीएमडी राव ने सतर्कता जागरूकता अभियान को आम लोगों तक पहुंचाने में टीम एमसीएल द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए समाज को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री राव ने कहा कि हमें सतर्कता जागरूकता से सतर्कता चेतना की ओर बढ़ना चाहिए।



एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक (वित्त) एके बेहुरा और निदेशक एएस बापट समापन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर संबलपुर के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों, छात्रों एवं एमसीएलकर्मी बहुसंख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विजलंस अड्वाइजरी का विमोचन किया गया और पिछले 31 अक्टूबर, 2023 से 5 नवंबर 2023 तक सप्ताह भर चलने वाले समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। एमसीएल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने के लिए ओड़िशा के चार जिलों में फैले कोयला खनन क्षेत्रों सहित आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता पहल और कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया। इसी प्रकार, एमसीएल ने सभी कोयला क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के तहत बीडर्स मीट आयोजित की, जिसमें बड़ी संख्या में आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस वर्ष एमसीएल के कर्मियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके साथ ही स्कूली छात्रों और गृहणियों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी।

DAS MUSICAL STORE
All Musical Instrument available here
Main Road, Ranchi Ph. : 0651-2201778
Mob. : 9835164815

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust)
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Session 2023-24
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
M.D in Homoeopathy
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
9931068883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaecOS.com

वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
2 घंटे में सुनिश्चित उपाय
तांत्रिक मास्टर किंग खान का खुला ऐलान
कारोबार प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृह क्लेश पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रॉपर्टी, कोर्ट, केस, वशीकरण, जादू - टोना, किया कराया
A TO Z समस्या का समाधान पर तेज
बाबा मुबारक खान
हमारे किए हुए काम को कोई ज्योतिष ,पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
9311266125
8130817043
काम न होने पर पैसे वापस
नियर घंटाघर , मास्टर कैंटीन के सामने।

डॉ. एल डाली
हेल्प क्लिनिक
बिना ऑपरेशन किये केवल दवा द्वारा 100% गारंटी के साथ
हाइड्रोशील, बवासीर, नामर्दानगी शीघ्रपतन, कमजोरी, स्वप्न दोष, धात पतला, लिंग छोटा का सफल इलाज
पिस्का मोड़ के निकट, काली मंदिर के पीछे गैलेक्सिया मॉल के सामने, रातु रोड, रांची
समय प्रात : 9 बजे से 1 बजे तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक
अपना स्थायी क्लिनिक
8797681250, 9006078331

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**